

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 21 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-023 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### जनरल स्टोर में लगी आग

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में एक जनरल मर्चेंट स्टोर में भीषण आग लग गई. देर रात से सुलगती इस आग ने दुकान के ऊपरी हिस्से को पूरी तरह जलाकर खाक कर दिया. दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान भी इस हादसे में नष्ट हो गया. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है. घटना बीती रात करीब 2 बजे की है. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई. फायर ब्रिगेड ऑपरेटर ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है. यह दुकान रिहायशी इलाके में होने के बावजूद गनीमत रही कि आग ने आसपास के घरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया. अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को बड़ी राहत

**नई दिल्ली ,21 अप्रैल।** धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में फंसी पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी भी शामिल है। हालांकि, कोर्ट ने पूजा खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए 2 मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए भी कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि जांच को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांग कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। इस मामले में उनकी अंतरिम सुरक्षा पहले भी कई बार बढ़ाई जा चुकी है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि मामले की गहन जांच और एक बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए पूजा खेडकर से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल उन्हें अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है और पुलिस को तेजी से जांच पूरी करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 मई को होगी।

### करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**जमशेदपुर ,21 अप्रैल।** झारखंड के जमशेदपुर में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। बीते दिन रविवार शाम को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव बालीगुमा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के पास से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, विनय सिंह रविवार सुबह से ही लापता थे और परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की और बालीगुमा क्षेत्र में एक खेत के पास से उनका शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विनय सिंह के सिर पर गोली का निशान था और उनके बाएं हाथ में एक पिस्तौल भी मिली है। मौके से उनकी स्कूटी और मोबाइल भी बरामद किया गया है।

# भारत ने टैरिफ पर अमेरिका को कोर्ट में घसीटा, ट्रंप को देना पड़ा जवाब

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** ट्रंप के टैरिफ के बाद व्यापार को लेकर पूरी दुनिया में बवाल मचा हुआ है। अमेरिका ने व्यापारिक स्तर पर हर एक देश को अपने अपने तरीके से झटका दिया। भारत भी इसमें शामिल था। भारत के स्टील और एल्यूम्यूनियम के आयात पर लगाया गया अमेरिका का टैरिफ भारत के लिए बड़ा बोझ था और नतीजन भारत को अपनी शिकायत लेकर वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के पास जाना पड़ा। अब वहीं वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन अमेरिका को बुलाकर इस पर जवाब मांगा है। अमेरिका ने इस पूरे मामले को लेकर सफाई दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन यानी वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन को बताया है कि स्टील और एल्यूम्यूनियम के आयात पर टैरिफ लगाने का उसका फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया था न कि सुरक्षा उपाय के तौर पर। अमेरिका ने इन दोनों ही बातों में फर्क बताया और कहा कि इन दोनों ही बातों में बड़ा फर्क है। बता दें कि भारत ने इसी महीने की शुरुआत में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन में एक शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत को औपचारिक चुनौती देते हुए अमेरिका ने इस पर सफाई दी। बयान में अमेरिका ने कहा कि टैरिफ अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 232 के तहत लगाए गए थे जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले आयातों को प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है। बयान में कहा गया कि अमेरिका ने नोट किया है कि सुरक्षा उपायों पर समझौते के अनुच्छेद 12.3 के तहत परामर्श के लिए भारत के अनुरोध का आधार ये है कि टैरिफ सुरक्षा उपाय है। यानी सुरक्षा उपाय के तहत अमेरिका ने भारत के खिलाफ टैरिफ लगाने का फैसला किया। दरअसल, भारत द्वारा निर्यात किए जा रहे स्टील और एल्यूम्यूनियम पर अमेरिका ने टैरिफ लगाने कि घोषणा की थी। भारत इसके विरोध में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के पास गया। जिसे अमेरिका की तरफ से वैध बताया गया है। भारत ने 11 अप्रैल को वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन में ये शिकायत दर्ज कराई थी। भारत ने तर्क दिया था कि टैरिफ चाहे अमेरिका उन्हें कैसे भी लेबल करे मूल रूप से ये सुरक्षा उपाय है जो औपचरिक अधिसूचना और परामर्शों समेत डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत स्पष्ट दायित्वों के साथ आते हैं। भारत ने कहा कि अमेरिका द्वारा इन उपायों को सुरक्षा उपायों के रूप में वर्णित करने के बावजूद वो मूल रूप से सुरक्षा उपाय है। भारत ने अमेरिका पर सुरक्षा उपायों पर समझौते के तहत आवश्यक डब्ल्यूटीओ सुरक्षा

# नवा रायपुर में बनेगी नई तहसील

**रायपुर,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ को राज्य बने करीब 25 साल हो चुके हैं, लेकिन राजधानी नवा रायपुर में आबादी अब तक उम्मीद के मुताबिक नहीं बस पाई है। इस तकनीकी और सामाजिक चुनौती को देखते हुए अब सरकार ने नया कदम उठाया है। कमल विहार की तर्ज पर अब नवा रायपुर में 'नया विहार' बसाया जाएगा, जिससे लोगों को न सिर्फ जमीन मिलेगी, बल्कि बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही नई तहसील भी स्थापित की जाएगी। बता दें कि इस योजना के तहत 436 हेक्टेयर जमीन को चिन्हित किया गया है। जिन ग्रामीणों की जमीन पहले अधिग्रहित की गई थी, उन्हें अब विकसित प्लॉट के रूप में पुनः जमीन लौटाई जाएगी। इसके अलावा शासकीय भूमि और बची हुई जमीन को आम जनता के लिए प्लॉट के रूप में बेचा जाएगा। नया विहार की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि यहां नवा रायपुर जैसी कठोर नियम-शर्तें लागू नहीं होंगी। इससे लोग आसानी से जमीन खरीद सकेंगे और अपनी जरूरत के मुताबिक उसका उपयोग कर पाएंगे। योजना में अस्पताल, स्कूल, सड़क, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जा रही हैं। लोगों को बार-बार रायपुर जाकर जमीन संबंधित काम न करना पड़े, इसके लिए नई तहसील का गठन भी प्रस्तावित है। इससे प्लॉट धारकों और निवासियों को स्थानीय स्तर पर



ही राजस्व संबंधी सभी सेवाएं मिल सकेंगी। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने योजना को धरातल पर लाने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी गांव की 436 हेक्टेयर जमीन को चिन्हित कर लिया गया है।

# नहीं रहे पोप फ्रांसिस, वेटिकन में शोक की लहर

**फ्रांस,21 अप्रैल।** पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इसकी घोषणा वेटिकन केमरलेंगो कार्डिनल केविन फेरेल ने की। फैरेल ने घोषणा में कहा कि आज सुबह 7.35 बजे, रोम के बिशप फ्रांसिस पिता के घर लौट आए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। पोप उत्तराधिकार से जुड़ी रस्में सदियों पुरानी हैं, लेकिन कैथोलिक पत्रकारों और शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा प्रत्येक कार्डिनल के लिए एक नई ऑनलाइन गाइड तैयार करने के बाद इस प्रक्रिया को आधुनिक रूप दिया गया है, जो अगला पोप चुनेंगे। कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स रिपोर्ट - एक चिकनी, इंटरैक्टिव वेबसाइट÷, क्रूक्स ने कहा - सभी 252 कार्डिनल्स के विवरण प्रस्तुत करती है, जिसमें महिला डेकन को नियुक्त करने, समान-लिंग विवाह को आशीर्वाद देने और पुजारी ब्रह्मचर्य को वैकल्पिक बनाने जैसे मुद्दों पर उनका रुख शामिल है। रिपोर्ट में सूचीबद्ध 252 कार्डिनल्स में से, उनमें से 137 वर्तमान में 80 वर्ष से कम आयु के हैं और इसलिए कॉन्क्लेव - पोप चुनाव में भाग लेने के पात्र हैं। पोप की मृत्यु या त्यागपत्र के बाद, कार्डिनल्स को वेटिकन



के सिस्टिन चैपल में बुलाया जाता है, जहाँ वे गोपनीयता की शपथ लेते हैं। इस दौरान, वे संभावित उम्मीदवारों की योग्यता पर चर्चा कर सकते हैं।

**कौन हो सकता है उत्तराधिकारी**-कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन, इटली-70 वर्षीय इतालवी कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन पोप फ्रांसिस के विदेश मंत्री हैं और वर्तमान में उनके उत्तराधिकारी बनने के लिए सबसे मजबूत दावेदार हैं। उन्हें 10 साल पहले अमेरिका-क्यूबा के बीच संबंधों में आई दरार और 2018 के वेटिकन-चीन समझौते में मध्यस्थता के लिए जाना जाता है।

# पूर्व डीजीपी की चाकू घोंपकर हत्या

**बेंगलुरु,21 अप्रैल।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की मौत के मामले में चौंकाने वाला मोड़ आया है। बेंगलुरु पुलिस ने उनकी पत्नी पल्लवी को हिरासत में लिया है। पल्लवी ने कथित तौर पर उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका और एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर में चाकू घोंपकर उनकी हत्या कर दी। उनकी बेटी कृति को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ता इस बात की गहराई से जांच कर रहे हैं कि यह घरेलू विवाद था जो जानलेवा बन गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 68 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की हत्या पल्लवी के साथ तीखी बहस के बाद की गई। पल्लवी ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और मिर्च पाउडर से उन्हें अंधा करने के बाद चाकू से उन पर हमला कर दिया। कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या तब की गई जब वे लंच कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, ओम प्रकाश खाना खा रहे थे और उनकी प्लेट में दो तरह की मछलियाँ थीं। तभी उनकी पत्नी पल्लवी ने कथित तौर पर बहस शुरू की और अचानक चाकू से उन पर वार कर दिया। घटनास्थल से पुलिस ने दो चाकू और एक टूटी



बोतल बरामद की है। माना जा रहा है कि हत्या में इसी का इस्तेमाल किया गया है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि हत्या में पल्लवी और कृति दोनों ही शामिल हो सकती हैं। हमले के बाद दोनों ने कथित तौर पर ओम प्रकाश के शव को चादर में लपेट दिया। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर टेबल के पास लंच प्लेट पड़ी हुई थी। ओम प्रकाश डाइनिंग हॉल में खून से लथपथ हालत में पड़े मिले। घटनास्थल से मिली तस्वीरों में संघर्ष के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि ओम प्रकाश की हत्या करने के बाद मां और बेटी ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। हमले के बाद पल्लवी ने पुलिस को फोन किया और हत्या की बात कबूल कर ली। जब अधिकारी निवास पर पहुंचे, तो उन्हें कृति से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिसने खुद को अपने कमरे में बंद कर लिया था और हंगामा मचाया था। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, उसने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस को दरवाजा तोड़ना पड़ा। फिर उसे हिरासत में ले लिया गया। पल्लवी ने खुद को आत्मसमर्पण कर दिया और पुलिस के सामने अपना कबूलनामा दोहराया। उसे और उसकी बेटी को फिलहाल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी की हिंसक मौत के पीछे के मकसद और घटनाओं के क्रम की जांच जारी है।

# मंदिरहसौद में पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

रायपुर,21 अप्रैल। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रायपुर पुलिस ने पेट्रोल और डीजल की अवैध कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक चार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ, वाहन और उपकरण जब्त किए गए. कुल जब्त सामग्री की कीमत करीब 28 लाख रुपये आंकी जा रही है. इस पूरे मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने धारा 287 BNS और 3, 7 EC Act के तहत मामले दर्ज किए हैं. पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा कर सकती है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुजरा फाटक के यादव ढाबा पर छापा मारा गया, जहां राहुल यादव (24) को 4610 लीटर पेट्रोल, एक ब्राउजर वाहन (CG-04-PT-6190), और अन्य सामग्री के साथ पकड़ा गया. जब्त सामग्री की कीमत 8.11 लाख रुपये है. राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया.RIT कॉलेज के सामने खाद गोदाम के पास सुब्रजीत मुदुली (40) और दीप्ती रंजन (35) को 800 लीटर डीजल और एक पिकअप वाहन (CG-04-NY-9787) के साथ पकड़ा. जब्त सामग्री की कीमत 75,000 रुपये है. दोनों को गिरफ्तार किया गया. एमएम कॉलेज उमरिया में अमरेश साव उर्फ बबली (35) के गोदाम पर छापा मारा. 31 ड्रम पेट्रोल, डीजल, और इथेनॉल (कुल 8.77 लाख रुपये) के साथ दो वाहन और उपकरण जब्त किए गए. अमरेश गिरफ्तार हुआ. इंदिरा कॉलोनी में गोलू उर्फ नोहर रात्रे (33) के गोदाम पर रेड डाली. 6600 लीटर पेट्रोल, 1400 लीटर इथेनॉल, दो पिकअप वाहन, और अन्य सामग्री (कुल 10.94 लाख रुपये) जब्त की गई. नोहर मौके से फरार हो गया.

### मुठभेड़ में 6 नक्सलियों को किया ढेर; भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बोकारो ,21 अप्रैल।** झारखंड के बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी में आज सुबह पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन ने संयुक्त अभियान में 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद इलाके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इस ऑपरेशन की कमान डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा और एसपी मनोज स्वर्गियारी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में रही। कार्रवाई में 209 कोबरा बटालियन के कमांडोज़ शामिल थे, जिन्होंने माओवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की।मारे गए नक्सलियों के पास से 2 इंसास राइफल, 1 एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) और 1 पिस्तौल बरामद की गई है। ऑपरेशन में किसी भी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है, जो इसे और अधिक सफल बनाता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सुबह करीब 4 बजे से लुगू पहाड़ के चोरगांवा मुंडाटोली इलाके में गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी।

# विदेश जाकर भारतीय संस्थाओं का अपमान करते हैं राहुल गांधी : शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली ,21 अप्रैल।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अपने विदेशी दौरों के दौरान भारत की आलोचना करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने का काम करते हैं।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, राहुल गांधी एक राजनीतिक दल के साथ अपने निजी मुद्दों के कारण विदेशी धरती पर भारत की आलोचना करते रहते हैं। इस बार उन्होंने एक बार फिर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जहां दुनिया आम चुनावों और जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय काम के लिए चुनाव आयोग की प्रशंसा करती है, वहीं राहुल गांधी बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं, फिर वह विदेश जाते हैं और भारत की संस्थाओं पर भी हमला करते हैं। भारत की संस्थाओं का अपमान राहुल गांधी की पहचान बन गया है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र खत्म हो गया है। अमेरिका और ब्रिटेन को हस्तक्षेप करना चाहिए। वह कहते हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन जब चुनाव आयोग ऐसा चुनाव करवाता है, जिसमें राहुल गांधी की पूरी पार्टी जीत जाती है, तब उन्हें कोई समस्या नहीं होती। जब न्यायपालिका राहुल गांधी को राहत देने वाला फैसला देती है, तब वह ठीक है। अन्यथा, वे सब खत्म हो चुके हैं और लोकतंत्र खतरे में है। यह संविधान के प्रति सशर्त प्रतिबद्धता दिखाता है और यह भी दर्शाता है कि मोदी विरोध में राहुल गांधी किसी भी हद तक गिर सकते हैं। वे संवैधानिक संस्थाओं, यहां तक कि सेना पर भी सवाल उठा सकते हैं। शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी की मानसिकता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की यह मानसिकता दिखाती है कि वे कितने हकदार हैं और वह लोकतंत्र से ऊपर परिवारवाद को रखते हैं। उन्हें भारत और भारत की छवि की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने और भारत के संस्थानों के खिलाफ सुपारी ले रखी है। राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए सभी आरोपों का तथ्यात्मक रूप से जवाब दिया जा चुका है। पूनावाला ने बताया कि 9.7 करोड़ मतदाताओं में से केवल 89 शिकायतें ही प्राप्त हुईं। अगर मतदाताओं के साथ छेड़छाड़ हुई थी, तो केवल 89 शिकायतें आईं और उनका भी संतोषजनक ढंग से निपटारा किया गया। हर बिंदु को स्पष्ट किया गया है, लेकिन विदेश जाकर भारत और भारत के संस्थानों पर हमला करना, भारतीय राज्य और संस्थानों के खिलाफ लड़ना, कांग्रेस का एजेंडा बन गया है।

# आम के बगीचे में मिला अवैध शराब का जखीरा

**बलौदाबाजार,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. ग्राम खैरघट में आम बगीचा



से शराब का जखीरा बरामद किया गया. यहां आरोपी हीरालाल धृतलहरे दूसर राज्य की शराब को छिपा कर रखा था. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार, आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता मैडम के निर्देश पर ग्राम खैरघट में आरोपी हीरालाल धृतलहरे के आम बगीचा पहुंची. इस दौरान पंप हाउस में छिपाकर रखा गया शराब मिला. जांच में मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की 104 पेटी कुल 936.0 बल्क लीटर जब्त किया गया. आरोपी के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम1915 की धारा 34(2), 34(1)(च)59(क), 36 का मामला दर्ज किया है. आरोपी हीरालाल धृतलहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है.

# खल्लारी क्षेत्र में करंट लगने से तेंदुए और वन भैंसा की हुई मौत

**महासमुंद,21 अप्रैल।** जिले के खल्लारी क्षेत्र में करंट लगाकर जंगली जानवरों का शिकार करने का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आज सुबह नेशनल हाईवे 353 के पास स्थित मातेश्वरी पहाड़ी के नीचे वन विभाग के कक्ष क्रमांक 182 में करंट की चपेट



में आने से एक तेंदुए और वन भैंसा की मौत का मामला सामने आने के बाद वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृत जानवरों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क किनारे खून से सना मिला अधेड़ का शव

**डोंगरगढ़,21 अप्रैल।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्राम कलकसा और लतमर्रा मार्ग के बीच सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का खून से सना शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष आंकी जा रही है। शव पर बुरी तरह से डंडा और पत्थरों से हमले के निशान पाए गए हैं, खासकर चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान स्पष्ट हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है.बता दें कि घटना की जानकारी ग्रामीणों ने देर रात करीब 11 बजे डोंगरगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और उसे अज्ञात व्यक्ति के रूप में दर्ज किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से शव की पहचान में सहयोग की अपील की है। आसपास के क्षेत्रों के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस ने हत्या की आशंका को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# तलाकशुदा पत्नी की पूर्व पति ने की हत्या



**गरियाबंद,21 अप्रैल।** जिले के छुरा थाना क्षेत्र के आवासपारा मोहल्ले में आज सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। 35 वर्षीय महिला बिसनी मार्कंडेय की हत्या उसके पूर्व पति गोपी मार्कंडेय ने धारदार हथियार से कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक स्वयं छुरा थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया।थाना प्रभारी दिलिप मेश्राम ने बताया कि आरोपी युवक महासमुंद जिले का रहने वाला है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दोनों का सामाजिक रूप से तलाक हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद गोपी, बिसनी को दोबारा अपने साथ रखना चाहता था। इस बात को लेकर अक्सर विवाद होते रहते थे। मृतका दो बच्चों की मां थी और बच्चों के साथ ही आवासपारा में रह रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोपी पहले भी महिला के घर आता-जाता था और उनके बीच कहा-सुनी होती रहती थी। सोमवार को हुई बहस के बाद आरोपी ने अचानक महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही छुरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और इलाके को सील कर दिया। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जो साक्ष्य एकत्र करने में जुटी है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।





# छत्तीसगढ़ में अपराध बढ़ने से आम आदमी डरा हुआ है : बैज

**रायपुर,21 अप्रैल।** रायपुर में आज कांग्रेस सीएम हाउस का घेराव कर रही है। घेराव से पहले नगर निगम के सामने एक जनसभा भी आयोजित हुई। यहां प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेता के साथ कार्यकर्ता जुटे। कांग्रेस का ये प्रदर्शन कानून व्यवस्था को लेकर है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस का दावा है कि, सिर्फ रायपुर में ही एक साल में 93 हत्याएं हुई है। कांग्रेस प्रदेशभर में एक साल में अलग-अलग अपराधों के आंकड़े भी जारी किए हैं। बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हुई है और जनता डरी हुई है।

# स्कूटी से वार्ड संपर्क में निकले विधायक पहुंचे खमरिया, 5 घंटे किया जनसम्पर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** विगत 15 अप्रैल को प्रारंभ स्कूटी से वार्ड संपर्क अभियान में विधायक रिकेश सेन रविवार की सुबह लगभग 5 घंटे वार्ड-1 खमरिया जुनवानी में रहे। इस दौरान उन्होंने समस्याओं का जहां तत्काल निराकरण किया। पौनी पंसारी चबूतरे पर शिकायत बाद विधायक रिकेश सेन ने तत्काल बुलडोजर चलवा दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले यह चबूतरा बारात के जनवासा समेत गांव की अन्य बैठकों के काम आता था मगर अब इन चबूतरों पर देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने बताया कि यहां के मुक्तिधाम में कचरा डंप हो रहा है। विधायक ने तत्काल पहल कर निगम स्वास्थ्य अधिकारी को वहां ट्रेंचिंग ग्राउंड न बनाने के निर्देश दिए। खमरिया गांव में ही लगभग 10 हजार वर्ग फुट पर पूर्व में बनाया गया कांजी हाऊस वर्षों से बंद पड़ा है। सेन ने उसे डिस्मेंटल कर इस स्थान पर सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन बनाने के निर्देश देते हुए तत्काल 30 लाख रुपये की घोषणा की जिससे ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए सेन का आभार व्यक्त किया।

वार्ड भ्रमण के दौरान एक महिला ऐसी भी मिली जो बोरिंग



उठा के दूसरी जगह रखवाने की मांग विधायक से करने लगी। विधायक ने बोरिंग गाड़ी बुलवाई और भूमिपूजन कर मैदान में बोर खनन शुरू करवाया। गांव की गली में कच्ची नाली से लोग जहां काफी परेशान दिखे वहीं विधायक खुद हैरान हुए। उन्होंने तत्काल निगम अधिकारी से चर्चा कर तत्काल सुव्यवस्थित पक्की नाली का काम शुरू करवाने निर्देश दिए। दिव्यांश नामक लड़के के पिता ने शिकायत की कि उसके बेटे को आत्मानंद स्कूल में एडमिशन देने से मना कर दिया गया है। सेन ने शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर तत्काल इसे संज्ञान में लेकर बच्चे को एडमिशन दें तथा शिक्षा से वंचित रख गुमराह करने वाले जिम्मेदार पर कार्रवाई करें। जुनवानी खमरिया रोड पर रविवार को 18 नंबर रोड कैंप की दुकानों में कटने लाई जा रही मुर्गियों की गाड़ी वैशाली नगर विधायक ने रुकवा दी। उन्होंने ब्रायलर फर्म से आ रही इस गाड़ी के ड्राइवर से मुर्गियों की गिनती करवाई और उसका कुल भाव जानकर ड्राइवर को रुपये दिए और कहा कि सभी मुर्गियों को किसी खेत-खलिहान में जाकर छोड़ देना।

उन्होंने कहा कि मेरे इस प्रयास से कुछ मुर्गियों को जीवनदान मिल जाएगा। कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज और शिव मंदिर से लगे हुए मैदान में चिकन चिल्ली की दुकान देख जहां वैशाली नगर विधायक नाराज़ हुए वहीं लोगों की शिकायत पर खमरिया में संचालित ओयो होटल की जांच के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कबीरधाम को मिले दो अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन फोम वेंडर यूनिट की पहली बार जिले को मिली सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले को अग्निशमन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। जिले को तेल, गैस, बिजली या अन्य अति ज्वलनशील कारणों से उत्पन्न होने वाली आगजनी की घटनाओं से त्वरित और प्रभावी रूप से निपटने के लिए अत्याधुनिक फोम वेंडर सहित अधिक क्षमता वाली दो नई अग्निशमन वाहन प्राप्त हुई है। इनमें से एक फायर ब्रिगेड वाहन फोम वेंडर यूनिट है, जो जिले को पहली बार उपलब्ध हुई है। इसकी क्षमता 6000 लीटर है, जिसमे 500 लीटर फोम टैंक तथा 5500 लीटर पानी टैंक क्षमता है। इसी प्रकार दूसरी बड़ी फायर ब्रिगेड वाहन की क्षमता 6000 लीटर पानी की है। दोनों वाहन तकनीकी एवं अत्याधुनिक दृष्टि से लैस है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान इन दोनों फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला अग्निशमन कार्यालय को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिला हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। शासन की जनहितकारी सोच के अनुरूप जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सड़क और अग्निशमन जैसे मूलभूत ढांचों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा हमारी सेवा है, इसी भाव से विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के साथ काम काम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पहल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा



में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कबीरधाम जिला गन्ना उत्पादक क्षेत्र है, जहां गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस गंभीर विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया, जिस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने तत्परता से 27 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 20 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें से दो वाहन कबीरधाम जिले को आवंटित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग भी किया जा रहा है। उन्होंने एनडीआरएफ की टीमों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि फायर फाइटिंग दल के कठिन परिश्रम से लोगों की जान-माल की सुरक्षा होती है। उन्होंने अग्निशमन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में इस दिशा में और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि रायपुर डिविजन के प्रभारी कमांडर पुष्पराज सिंह ठाकुर को कवर्धा की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनके नेतृत्व में अग्निशमन व्यवस्था को और सशक्त बनाया जाएगा। यह उपलब्धि न केवल जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि आपदा प्रबंधन में भी एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इन नई दमकल वाहनों में से एक फोम वेंडर युक्त अत्याधुनिक वाहन 6000 लीटर की क्षमता वाला है, जिसमें 5500 लीटर पानी और 500 लीटर फोम टैंक है। यह वाहन विशेष रूप से तेल, गैस और बिजली जैसे अति ज्वलनशील तत्वों से उत्पन्न घटनाओं को नियंत्रित करने में सक्षम है।। ऊँचाई वाले क्षेत्रों व संकरी गलियों में यह विशेष रूप से लाभकारी है। हाइड्रोलिक लाइटिंग सिस्टम से रात के समय या अंधेरे क्षेत्रों में बेहतर दृश्यता मिलती है। यह सुविधा राहत एवं बचाव कार्य को और अधिक सुरक्षित बनाती है। वाहन में आपातकालीन स्थिति में घायलों को ले जाने के लिए स्टेचर की व्यवस्था है। इससे घायलों को सुरक्षित और शीघ्र अस्पताल पहुँचाया जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इन दो नई गाड़ियों के आगमन के साथ अब कबीरधाम जिले में कुल 8 अग्निशमन वाहन हो गए हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरीय साहू ने कहा कि कवर्धा जिले के लिए अग्निशमन सेवा की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जिले में विशेष रूप से गर्मी के मौसम में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने में बड़ी सुविधा होगी। इस सुविधा से न केवल जिले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही प्रगति का श्रेय मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को जाता है, जिनके कुशल नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। कवर्धा जिला अब नक्सल मुक्त हो चुका है और बस्तर संभाग में भी नक्सलवाद की समाप्ति की दिशा में सफलता मिल रही है। साहू ने कहा कि यह सब राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का परिणाम है, जिससे प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास की एक नई दिशा स्थापित हो रही है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से जिले की सुरक्षा व्यवस्था में एक और सशक्त कड़ी जुड़ी है। इससे आगजनी जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने में सहायता मिलेगी और आम नागरिकों को बड़ी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे जिलेवासियों के मन में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। राज्य सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे विकास और सुरक्षा संबंधी कार्यों से जिले की छवि और भी सशक्त हुई है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में राजयोगिनी दादी को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगीनी दादी रतनमाहिनी की पुण्य स्मृति में सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने रतन मोहिनी दादी की विशेषताओं को बताते हुए कहा कि दादीजी को सदा देह और कर्म के बंधन से मुक्त फ़रिश्तेपन की स्थिति में लाईट शक्ति स्वरूप में देखा। दादीजी साइलेंस पॉवर की अथॉरिटी थी। भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव प्रवास के दौरान दादीजी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई, फिर भी दादीजी ने यह कहते हुए सेवाएं की यह कार्य परमात्मा का है हमे निमित्त बनकर सहयोग देना है, तब ही परमात्मा की संपूर्ण मदद मिलती है। दादीजी के निमित परमात्मा को विशेष भोग अर्पण करने के पश्चात भिलाई स्थित सर्व सेवाकेंद्रो की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों सहित सभी ब्रह्मा वत्सों ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ब्रह्मा वत्सों ने दादीजी की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर कंट्रोलिंग पॉवर द्वारा एक मास मन को एकाग्र करने का दृढ़ संकल्प किया।

# फिल्मी स्टाइल में मंगेतर का अपहरण कर मारपीट करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ मिलकर फिल्मी स्टाइल में नागपुर से कार में पहुंचकर मंगेतर का अपहरण कर बेमेतरा में लेकर उसके साथ मारपीट की। किसी तरह से मंगेतर वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने टीम बनाई और नागपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जामुल पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 140(2), 61(2)(क), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि प्रार्थी भुपेन्द्र यादव निवासी मंगल बाजारने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 मार्च की रात 10.30 बजे अपने दोस्त टोकेश साहू के साथ मोटर साइकिल में बैठकर घर जा रहा था। जैसे ही बोगदा पुलिया के पास पहुंचे उसी दौरान कार में सवार कुछ व्यक्तियों ने अपनी कार को मोटर साइकिल के पास लाकर रोक दिया। कार में सवार 3-4 लड़के उतरे और टोकेश साहू को गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट करने लगे तथा अपने कार में टोकेश साहू को



अपहरण कर बेमेतरा ले गये। इसके बाद मौका पाते ही वहां से टोकेश साहू फरार हो गया। रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान अपहरण में उपयोग किये कार के बारे में जानकारी निकाला गया। तकनीकी सहायता एवं हुलिया के आधार पर आरोपी दुर्गेश साहू को नागपुर(महाराष्ट्र) से घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर वह बताया कि वह हेम कुमारी साहू उर्फ हेमा से प्रेम करता है। हेम कुमारी की शादी टोकेश साहू के साथ तय हुआ था। हेम कुमारी टोकेश से शादी नहीं करना चाहती थी। आरोपी हेम कुमारी अपनी शादी की जानकारी, मंगेतर टोकेश साहू का बायोडाटा व फोटो अपने प्रेमी आरोपी दुर्गेश साहू को दिया। आरोपी दुर्गेश साहू अपने साथी अमित वर्मा उर्फराजा, बंटी के साथ षडयंत्र पूर्वक नागपुर से क्रेटा कार में बोगदा पुलिया जामुल आकर टोकेश साहू को रास्ते में रोक कर मारपीट करते हुए अपने कार में अपहरण कर बेमेतरा ले गया था इन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा आरोपी दुर्गेश साहू पिता धन्नू राम साहू (22 वर्ष) निवासी कौंगिया कला थाना परपोड़ी जिला बेमेतरा, हाल-इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर(महाराष्ट्र), अमित वर्मा उर्फ राजा पिता खेम सिंह वर्मा (23 वर्ष) निवासी ग्राम डूंडा थाना व जिला बेमेतरा, हाल- इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर(महाराष्ट्र) और हेम कुमारी साहू उर्फ हेमा पिता शिव राम साहू (25वर्ष) निवासी ग्राम दनिया गंडई जिला खैरागढ, हाल-एकातमता नगर थाना हिंगना जिला-नागपुर (महाराष्ट्र) है।

# दारुल कजा आपसी रजामंदी से सुलझा रहा घरेलू मामले, सालाना इजलास में दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** मुस्लिम समुदाय की तंजीम दारुल कजा के तीन साल पूरे होने पर इज्लास-ए-आम फरीदनगर मैदान में रखा गया। सदारत कर रहे मौलाना अतीक अहमद बस्तवी कन्वीनर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि मुल्क की आजादी में सभी धर्म, और जाति समुदाय के लोगों का योगदान रहा है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि मुल्क के भाईचारे को कायम करने अपनी भूमिका निभाएं।

खास मेहमान मौलाना वसी अहमद कासमी काजी ए शरिया अमीरते शरिया फुलवारी शरीफपटना ने कहा कि अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम वाली पाकीजा जिंदगी अपनाने के



साथ सभी लोगों के साथ भाईचारा मोहब्बत और रिश्ते को मजबूत बनाएं। खास मेहमान मौलाना तबरेज आलम कासमी आर्गेनाइजर काजी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस दौरान बताया कि सभी समाज में अपने समुदाय के भीतर के घरेलू और निजी मामलों में आपसी रजामंदी से हल निकालने पहल की जाती है, इसी मकसद से मुस्लिम समुदाय के भीतर दारुल कजा कायम किया जाता है। इसके पहले दारुल कजा भिलाई-दुर्ग के सदर जिल्लू रहमान और सेक्रेटरी मोहम्मद अरशद ने यहां मौजूद सभी तंजीमो के नुमाइंदों का इस्तकबाल किया। नायब सदर मोहम्मद नासिर ने दारूल कजा भिलाई दुर्ग का मकसद बताया।

दारूल कजा के काजी शहर मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने बताया कि इसके जरिए 50 पारिवारिक मामलों के आपसी बातचीत रजामंदी से हल किया गया। इस मौके पर मौलाना शकील, मोहम्मद युसूफ़ नैय्यर इकबाल, सैय्यद असलम, हाजी अब्दुल हमीद, हाफ़िज़ सिराज, मौलाना दिलशाद, हाफ़िज़ शाह आलम मोहम्मद इरफान, शरीफ खान, हबीबुर्रहमान, मेहबूब भाई, जहांगीर भाई, सुलेमान, मोहम्मद अनवर पाशा, हाफ़िज मकसूद, मौलाना फैसल अमीन गुलजार भाई, रज़ा सिद्दीकी और फ़ज़्ल हक सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### बीचबचाव कर रहे युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**भिलाई, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छावनी थाना अंतर्गत दोस्त के साथ मारपीट होने पर बीच बचाव के लिए आगे आए युवक पर चाकू और हाथ-मुक्कों से पीटा आरोपी की बहन से युवक का दोस्त प्रेम करता था रिपोर्ट पर पुलिस मामले मेंआरोपियों के खिलाफधारा 109, 190, 191(2), 191(3) के तहत अपराध दर्ज किया है छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम केम्प 02 निवासी रविशंकर शर्मा (29 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार रात बैकुंठधाम में दोस्तों के साथ बैठा था। उस दौरान उसके पिता कन्हैयालाल शर्मा कॉल कर बताया कि उसके छोटे भाई प्रशांत को किसी ने चाकू मार दिया है घर पहुंचा तो पता चला कि उसे थाने ले गए हैं। वहां से पता चला कि उसे इलाज के सुपेला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। हॉस्पीटल पहुंचकर भाई से घटना के संबंध में पूछा तो उसने बताया कि उसका दोस्त राहुल बांधे आरोपी राजवीर ऊर्फलडडू शर्मा की बहन से प्यार करता है दोनों अक्सर फोन पर बातचीत करते हैं। इसकी जानकारी लडडू शर्मा को हो गई इस पर वह अपने साथियों को लेकर बैकुंठधाम केम्प 02 पहुंचा जहां राहुल बांधे को लेकर मारपीट शुरू कर दी।

### मूर्तिकार अंकुश देवांगन का किया गया सम्मान



**भिलाई, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर के आर्ट गैलरी में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। वक्त था खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 47 कलाकारों की कला प्रदर्शनी सोहई का। इस दौरान सुविख्यात चित्रकार डा. ध्रुव तिवारी, जितेन्द्र साहू, हुकुम वर्मा, अनंत कुमार, सुनीता वर्मा, समाजसेवी प्रवीण कालमेघ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के कलाकार तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने किया। वहीं मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली से आए आर्ट क्रिटिक राम प्रवेश पाल, वसन्त वीर उपाध्याय तथा डा अंकुश देवांगन ने सभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में अंकुश ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा ललित कला अकादमी के नेशनल अवार्ड फंक्शन में कम प्रतिभागिता पर चिंता जताई है। डॉ. तरूणा ने कार्यक्रम संचालन किया।

### 111 म्यूल खातों में 87 करोड़ डिपाजिट, एफआईआर दर्ज

**भिलाई, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई केनरा बैंक के 111 म्युल अकाउंट्स में फ्रॉड के करीब 87 करोड़ 60 लाख रूपए डिपाजिट होने का मामला सामने आया है बैंक मैनेजर केनरा बैंक वैशाली नगर शाखा परमाल सिंह सींगोदिया पिता रगुवीर सिंह सिंगोदिया (40 वर्ष ) की शिकायत पर वैशाली नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बैक के 111म्युल अकाउंट्स में साइबर फ्रॉड की राशि ट्रांसफर होने का खुलासा हुआ है। बैंक ने केवल 22, 05, 173.53 रुपये की राशि होल्ड की। बाकी विथड्राल की गई बैंक मैनेजर की शिकायत पर से दुर्ग पुलिस ने धारा 318 (4) -इठर, 61(2)-, 317(2)-इठर, 317(4) के तहत मामला दर्ज किया।

### विधायक ललित चंद्राकर को मातृशोक

**रिसाली, 21 अप्रैल।** दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की माताजी पूर्णिमा चंद्राकर का आकस्मिक निधन सोमवार सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में 21 अप्रैल दोपहर 3 बजे किया जायेगा। दिवंगत पूर्णिमा चंद्राकर की पार्थिव काया अंतिम दर्शन के लिए विधायक निवास गजानंद मंदिर के पास आर्य नगर में रखा जायेगा। पूर्णिमा चंद्राकर अपने पीछे विधायक ललित चंद्राकर, अशोक चंद्राकर व पुत्री रिसाली पार्षद सुनन्दा पप्पू चंद्राकर का भरापूरा परिवार छोड़ गयी है।



## समाचार संक्षेप

### बोड़ला जनपद अध्यक्ष के सार्थक प्रयासों से दिख रही है विकास की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 दिसम्बर।** बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा ने विकास कार्य के सवाल पर बताया की 8500 से अधिक आवास निर्माण प्रगति पथ पर है और प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत चार हजार आवास निर्माण के लिए राशि भी हितग्राहियों को मिली है ओर पीएम आवास निर्माण प्रगति पथ से परिवार मे खुशी का माहौल है। अधिकतर गरीब परिवार जो कई वर्षो से झोपडी में रह रहे थे उन्हें ईमानदारी से पीएम आवास की सौगात मिली थी और हितग्राहियों के चेहरे में खुशी की झलक दिख रही है। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने बताया की सीएम विष्णुदेव साय ओर डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गुणवत्ता युक्त पीएम आवास निर्माण जारी है। बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा ग्रामीणों के राशन कार्ड में नाम जोड़ने या नया राशन कार्ड की आवेदन पर त्वरित नया राशन कार्ड बना रही है और पानी की कही दिक्कत है तो जानकारी



मिलने पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष त्वरित पानी की कमी की समस्या निराकरण कर लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा ने लोगों से विनम्र अपील की पानी का सदुपयोग करे और व्यर्थ में पानी को ना बहने दे। बोड़ला विकासखंड में बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा के सार्थक प्रयासों से विकास की तस्वीर गांवों में दिख रही है।

### नकली नोट खपाने वाले आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसम्बर।** भिलाई-3 थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने पहुंचा शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया चरोदा स्थित एक बेकरी में उक्त व्यक्ति पहुंचा और पांच सौ रुपए का नोट देकर आइसक्रीम मांगी। दुकानदार ने नोट छूकर देखा तो उसे नकली होने का अहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस से उस व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उस व्यक्ति के पास से पांच सौ रुपए के 18 और दो सौ रुपए के 11 नकली नोट मिले। आरोपी नरेंद्र सिंह मूल रूप से वीरेंद्र नगर आर्ट्स कॉलेज के पीछे सरायपाली जिला महासमुन्द का रहने वाला है। फिलहाल वह रायपुरा रामनगर अभिषेक देवांगन का मकान प्रगति विद्यालय के पीछे थाना डीडी नगर रायपुर में रह रहा था भिलाई-3 थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की है। चरोदा ज्योति विद्यालय के पास विवेक कुलश्रेष्ठ की जलाराम बेकरी के नाम से दुकान है। दुकान में एक व्यक्ति आईसक्रीम लेने के लिए पहुंचा और 500 रुपए का नोट दिया। नोट देखने से उसकी प्रिंट से नकली लग रहा था इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक योगेश्वर कुमार वर्मा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी शुरू की। इसमें उसके पास से पांच सौ के 18 और दो सौ के 11 नोट मिलें हैं। इन नोटों को पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं आज नोट के असली या नकली होने की पुष्टि के लिए स्थानीय बैंक से संपर्क किया जा रहा है बताया जा रहा है कि नकली नोट खपाने पहुंचा नरेन्द्र सिंह पहले भी इसी दुकान में नकली नोट खपा चुका है। दुकान संचालक विवेक कुलश्रेष्ठ ने बताया कि चार से पांच दिन पहले भी वह दुकान में पहुंचा था। दुकान में वह रात को करीबन 09.45 बजे आया और कुछ सामान लेने के बाद 200-200 रुपए चार नोट देकर चला गया। बाद में पता चला कि वह नकली नोट हैं। चारों नोटों का सीरियल नंबर 9 ईडब्ल्यू 063476 था। जिसमें से दो नोट को उनके पिताजी ने फाड़ दिया और दो नोट रखे रहे। 19 अप्रैल की रात करीबन 10.45 बजे दुकान बंद करने के समय वह फिर से आया। 500 रुपए का जाली नोट जिसका सीरियल नंबर 8 सीवी 405332 देकर 50 रुपए की कुल्फी पैक कराई। इस दौरान दुकान संचालक की नजर उसकी बाइक पर पड़ी जिस पर वही हेलमेट लटका हुआ था जो चार दिन पहले दुकान आते समय पहना था। इससे उसने पहचाना और अपने पिता से भी पहचान कराने के बाद पुलिस को सूचना दी एक सीरियल नंबर के एक से अधिक नोट पुलिस ने शातिर की तलाशी शुरू की तो उसके जेब से 500 रुपए सीरियल नंबर 4 एमए 088412 वाला एक नकली नोट, बाइक पर लगे लेदर बैग में सीरियल नंबर 2 एचपी 509055 वाले 4 नकली नोट, सीरियल नंबर 2 एचआर 347889 वाले 3 नकली नोट, सीरियल नंबर 8 क्यूवी 812700 वाले 03 नकली नोट, सीरियल नंबर 8 सीवी 405332 वाले 8 नकली नोट इस प्रकार 500 रुपए के कुल 18 नकली नोट तथा 200 रुपए सीरियल नंबर 9 ईडब्ल्यू 063476 वाले 5 नकली नोट, सीरियल नंबर 6 सीजी 001655 वाले 6 नकली नोट कुल 11 नकली नोट बरामद कर आरोपी को उक्त मोटर सायकल व नकली नोट के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया। एक ही सीरियल नंबर के एक से अधिक नोट होने के बाद पुलिस ने नरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफधारा 318 (4), 179, 180 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

### अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों को देख आयुक्त का चढ़ा पारा, कार्रवाई के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसम्बर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चौक चौराहों पर सड़क के बीच में लगे बिजली पोलों या सरकारी दीवारों पर अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों को देख आयुक्त राजीव कुमार पांडेय का पारा गरम हो गया है। शहर की सुंदरता को बदरंग करते और दुर्घटना को आमंत्रण देते इन अवैध होर्डिंग और पोस्टरों के बिना अनुमति बिजली खम्भों, दीवारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगा दिए जाने से कुपित आयुक्त ने जिम्मेदार एजेंसियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इन अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों के कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है। आंधी-पानी आने पर बैनर-पोस्टर गिर जाते हैं, जिसके कारण कभी-कभी बड़ी दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सभी जोन में अवैध बैनर-पोस्टर, होर्डिंग को निकालने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके साथ ही उन एजेंसी का नाम नोट किया जा रहा है, जिनके द्वारा बैनर पोस्टर लगाया जाता है। उन्हीं एजेंसियों को नोटिस जारी की जाएगी, उनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसी के लोगों द्वारा ही ठेका लिया जाता है। बैनर पोस्टर लगाने वाला व्यक्ति उनको पैसा दे देता है। वह कहीं भी सरकारी जगह पर अपना बनाया पोस्टर लगा देते हैं। एक तरफदेखने में आ रहा है कि लोगों में को होड़ लगी है बैनर पोस्टर लगाने में। नगर निगम भिलाई सभी लोगों से अपील किया है कि नगर को साफ सुथरा सुंदर बनाने में सहयोग करें। यह शहर सबका है सबको मिलकर के साफसुथरा रखने की जिम्मेदारी है।

## एक नजर

### जिपं अध्यक्ष ने शैक्षणिक कृषक भ्रमण यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**छुरिया, 21 अप्रैल।** परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत शैक्षणिक कृषक भ्रमण यात्रा को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, राजेश्वर धुर्वे सोसायटी अध्यक्ष, उत्तरा निषाद जनपद सदस्य जीपी साहरे,ष्ठह्र, सुरेश पटेल ऋश्वह्र, संतोष साहू ऋश्वह्र, सुरेश ठाकुर, सहित कृषि विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कृषक भ्रमण यात्रा में छुरिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों पंडरापानी ,विचारपुर, मरकाकसा, झड़ीखैरी,जोब,आटरा के 30 किसान शैक्षणिक कृषक भ्रमण यात्रा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से अन्य राज्य महाराष्ट्र के गांव सकोली, वर्धा रोड पंजरी, नागपुर,कचीमेर, जैसे गांवों व शहरों में जाकर वहां की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। जिससे वह सिखकर अपने गांव में और विकसित रूप से कार्य करेगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी हितेश गुप्ता, मुकेश पतवार, हेमंत वैष्णव मुख्य रूप से किसानों के साथ दस दिवसीय यात्रा में उपस्थित रहेंगे।

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को दी ब्रह्माकुमारीज ने श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव, 21 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने कहा कि दादी रतनमोहिनी जी यज्ञ की आधार स्तंभ थी । उनका योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादाई थी । दादी जी निरंतर शिव बाबा की याद में रहती थी जिससे उनका जीवन हजारों भाई बहनों के लिए तपस्या की एक मिसाल बन गई। दादी जी यज्ञ के प्रति वफादार कर्मठ तथा एकानामी की अवतार थी। ज्ञातव्य है कि ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी जी ने विगत 8 अप्रैल को अपना नश्वर देह का त्याग कर शिव बाबा की गोद ली। इस अवसर पर उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के ज्ञान मानसरोवर में 20 अप्रैल रविवार को प्रातः 8 बजे रखा गया था। इस अवसर संस्था के हजारों भाई बहनों ने वहां पहुंचकर दादी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। दादी जी के संबंध ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी बताया कि दादी जी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद में हुआ था । घर में प्रथम पुत्री आने की खुशी में आपके माता पिता ने आपका नाम लक्ष्मी रखा। लेकिन किसी ने भी नहीं सोचा था कि कल की यही बेटी अध्यात्म और नारी शक्ति का जगमग सितारा बनकर सारे जग को रोशन करेगी। महज 13 वर्ष की आयु में आप 1937 में ब्रह्मकुमारीज के संपर्क में आ गई थी। धीरे धीरे ज्ञान योग में आपकी लगन बढ़ती गई। इसके बाद अपने शिव बाबा का संदेश देने का कार्य प्रारंभ किया। सन 1956 से 1969 तक आप मुंबई में सेवाएं प्रदान की । इस दौरान आप साकार ब्रह्मा बाबा के साथ 32 साल साथ रही।

# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की है महत्वपूर्ण भूमिकाः सीएम साय

■ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल।



**रायपुर 21 अप्रैल।** विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में व्यापार, व्यवसाय और उद्योग तेजी से विकास कर रहे हैं, जिसके कारण जीएसटी कलेक्शन में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए हम सबको मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 62 वर्षों से कार्यशील है, जिससे 12 लाख व्यापारी जुड़े हैं। प्रदेश के इस सबसे बड़े व्यापारी संगठन के इतिहास में पहली बार सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ है, जो संगठन की एकजुटता का प्रमाण है। इस परंपरा को यह संगठन आगे भी कायम रखे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग और व्यापार की उन्नति के लिए राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छोटे व्यापारियों को हमेशा प्राथमिकता दी है। ई-वे बिल की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। हमने पेट्रोल पर वैट 1 रुपये प्रति लीटर कम किया है। व्यापारियों को राहत देते हुए 10 साल पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारी को माफ किया गया है। इसका लाभ प्रदेश के 40 हजार व्यापारियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नई उद्योग नीति से उद्योगों के लिए प्रदेश में सकारात्मक वातावरण बना है। इसके लागू होने के बाद से अब तक प्रदेश में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। नवा रायपुर में सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए हाल ही में प्लांट का भूमिपूजन हुआ है। हाल ही में हमने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया। देशभर के कारोबारियों और उद्योगपतियों में इसे लेकर गजब का उत्साह है। वे छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने चैंबर के पदाधिकारियों से राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित हो सके। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदमः किरण

■ एक राष्ट्र, एक चुनाव' से होने वाली बचत से देश में विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 21 अप्रैल।** जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव सिर्फ भारत की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है! एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब ?4.5 लाख करोड़ की बचत होगी, जो देश की तष्ठक्क के 1.5त्न के बराबर है। ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ से होने वाली बचत से देश में विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं।भारत की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने और सुरक्षा, प्रशासन व संसाधनों पर भार कम करने की तरफ़ बेहतरीन कदम है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से होने वाली बचत से देश में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।÷यह विचार न केवल हमारे देश की राजनीतिक प्रणाली को सरल बनाता है, बल्कि यह संसाधनों की बचत, प्रशासनिक दक्षता और विकास की गति को तीव्र करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। एक राष्ट्र, एक चुनाव ऐसा कदम है, जो चुनाव प्रणाली में सुधार कर न सिर्फ लोकतंत्र में लोगों के भरोसे को बढ़ाएगा, बल्कि मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित कर समय, संसाधन और चुनाव खर्च में कटौती के साथ आर्थिक विकास को गति देगा और राजनीतिक दलों को सकारात्मक राजनीति के लिए प्रेरित करेगा।एक समय था जब कांग्रेस पार्टी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए 7 राज्यों की विधानसभाएं भंग करके वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया था। आज वही कांग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसे लोकतंत्र विरोधी बता रही है। परन्तु आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इस साहसिक कदम को उठाया है।

# 7 हजार रुपए की अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 21 अप्रैल।** छूरिया आरोपी कोमल यादव को 200 नग (90 एम0 एल0)पौवा देशी प्लेन महाराष्ट्र निर्मित शराब 18 बल्क लीटर कुल कीमती 7000/रुपए के साथ किया गया गिरफ्तार। आरोपी कोमल यादव के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भूआर्य के नेतृत्व में छुरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक-19.04.2025 को छुरिया पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि कोमल यादव निवासी गेंदाटोला कुमर्रा छुरिया के पास अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर गाड़ी का इंतजार कर रहा है कि सूचना पर




छुरिया पुलिस मौके पर पंहूचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे 200 नग पौवा (प्रत्येक में 90 एम एल भरा हुआ) महाराष्ट्र राज्य निर्मित मदिरा प्लेन शराब शीलबंद कुल मात्रा- 18 बल्क लीटर किमती- 7000/-रू0 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) 36 आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भूआर्य उ 0नि0ओम साहू, स0 उ0 नि0 सत्तुलाल कवर , आर0-160,1480,1432 का विशेष योगदान रहा है।

# विधि महाविद्यालय अवार्ड सेरेमनी में सम्मानित हुए विद्यार्थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव , 21 अप्रैल।** जिले के एक मात्र पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में भविष्य के अधिवक्ताओं को उनकी प्रतिभा के चलते सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वालों में विधि की परीक्षा के अंतिम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय सहित महाविद्यालय में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए। साथ ही वार्षिक खेल - कूद प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन वालों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार साहू (एडीजे) तथा डी आर देवांगन (फर्स्ट एडीजे) ने समारोह में अपने विचार रखे। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में 19 अप्रैल को अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।



उक्त अवसर पर शाम लगभग 5.30 बजे मुख्य अतिथि द्वय विजय कुमार साहू (एडीजे) एवं डी आर देवांगन (फर्स्ट एडीजे) के साथ नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल , सचिव सुरेश एच लाल , महाविद्यालय के प्रशासक डॉ आर एन सिंह के साथ प्राचार्य श्रीमती अलका चौहान ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति के बीच तालियों की करतल ध्वनि इस बात की साबन रही थीं कि भविष्य के अधिवक्ता कला में भी निपुण हैं। प्राचार्य श्रीमती अलका चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# मोतीपुर रामनगर में लगाई सिंटेक्स टंकी

■ महापौर की उपस्थिति में पानी सप्लाई शुरू

■ टंकी लग जाने से रामनगर में पानी की समस्या से मिलेगी राहत-मधुसूदन यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 21 अप्रैल।** इस ग्रीष्म ऋतु में मार्च माह से ही मोहारा शिवनाथ नदी का जल स्तर कम होने से पानी सप्लाई में व्यवधान हो रहा है। नगर निगम द्वारा सुचारू पेयजल सप्लाई हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या हो रही है, वहा टेंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है, तथा सिन्टेक्स टंकी भी लगाया जा रहा है। इसी कडी में वार्ड नं. 8 मोतीपुर रामनगर में पानी की समस्या पर सिन्टेक्स टंकी लगाया गया, जिसका कल महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पूजा अर्चना कर रामनगर वासियों की उपस्थिति में टंकी से पानी सप्लाई चालू की गयी। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, वार्ड के पार्षद मनोहर यादव, पार्षद कमलेश बंधे विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर यादव ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी बढने के कारण नदी का जल स्तर कम हो गया है, जिससे कठिनाई तो हो रही है, लेकिन पेयजल जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ध्यान मे रखकर पर्याप्त पानी सप्लाई करने नगर निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी का जल स्तर बढाने, मटिया मोती जलाशय से लगातार पानी लिया जा रहा है। परिस्थिति अनुसार मोगरा जलाशय से भी पानी लिया जायेगा। वर्तमान में दो दिन में तीन समय पानी सप्लाई की जा रही है।



# शराब ले जाते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

■ आरोपी से 1 नग इलेक्ट्रीक स्कुटी एवं 115 पौवा मशाला देशी शराब जब्त

**राजनांदगांव, 21 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री, शराब परिवहन की रोकथाम के विरूद्ध अभियान के तहत जरिये मुखबीर सूचना मिला कि इलेक्ट्रीक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएन 1700 मे एक प्लास्टिक बोरी एवं थैला पर दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने परिवहन की सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भा0पु0से0 ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में हमराह पेट्रोलिंग एवं स्टाफ समक्ष गवाहो के तस्दीक हेतु रवाना हुए जो इलेक्ट्रीक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएन 1700 मे एक प्लास्टिक बोरी एवं थैला पर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते मोतीपुर की ओर जा रहे थे।

## कौरिनभाठा केंद्र में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

# आंगनबाड़ी में पालकों, बच्चों को पौष्टिक आहार की जानकारी दी

■ 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** जिले में पोषण पखवाड़ा उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और खुशी दिखाई दी।

बच्चों और उनके अभिभावकों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया जा सके।



जनसामान्य में सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए उन्हें हरी साग-सब्जी, प्रोटीनयुक्त तिरंगा भोजन के बारे में बताया जा रहा है। बच्चों ने इस अवसर पर बाल गीत गाकर सुनाया। इस अवसर पर पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करने के लिए खाद्यान्न से बनी सुंदर रंगोली बनाई गई थी। गर्भावस्था के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर पोषण प्राथमिकता से देने के बारे में बताया गया।

इसके साथ ही पोषण ट्रैकर, कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार बच्चों में मोटापे की समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली के संबंध में जानकारी दी गई।

मुनगा भाजी, लाल भाजी, पालक, चौलाई सहित विभिन्न तरह की भाजी, फल, सब्जियां, अनाज में मूंगदाल, चनादाल, मटर, अरहर, मसूर दाल, सोयाबीन की बड़ी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, पौष्टिक लड्डू, चना, गुड़, गुजिया, चिला, रागी के लड्डू जैसे विभिन्न पौष्टिक व्यंजन बच्चों के आहार में शामिल करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती तारा साहू एवं श्रीमती गायत्री सोनवानी तथा बड़ी संख्या में बच्चें एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**डोंगरगढ़, 21 अप्रैल।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने आज दिनांक 18 अप्रेल को भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें पश्चिम बंगाल में जेहादियों को मौन समर्थन देकर हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करने वाली ममता सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। विदित रहे कि वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जेहादियों द्वारा हिंदुओं के साथ अत्याचार, लूटपाट, बहन बेटियों से बलात्कार, हिंदुओं के घरों व दुकानों में आगजनी की गई जिससे वहां का हिंदु समाज अपने ही देश में पलायन करने को विवश है। इस घटना से पूरे देश के हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन लेने के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में लाल बहादुर नगर के नायब तहसीलदार राजेश कुमार नेताम उपस्थित रहे। वहीं ज्ञापन देने वालों में तरुण हथेल विहिप ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष,हनी गुप्ता बजरंग दल जिला सहसंयोजक, बालमुकुंद तराने विहिप नगर अध्यक्ष, ऋषभ डकहा बजरंग दल नगर संयोजक,मोंटी भाटिया (सांसद प्रतिनिधि),हिमांशु गुप्ता,हेमंत सिन्हा, विमल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,शुभम परिहार, युवराज साहू, संजय जंघेल,चूड़ामणि चंदेल,भावेश निर्मलकर इत्यादि उपस्थित थे। बालमुकुंद तराने ने चर्चा में बताया कि हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर सर्व हिन्दू समाज की बैठक बुलाकर शीघ्र ही निष्ठुर ममता सरकार की शव यात्रा निकालकर प्रतीकात्मक शव की अंत्येष्टि की जाएगी।

### धर्मनिरपेक्षता विरुद्ध धर्मपरायणताः मोंटी

**डोंगरगढ़, 21 अप्रैल।** आज से सैकड़ों साल पहले जब भारतीय उप महाद्वीप पर भारतीय संस्कृति और सभ्यता की छाप पूरी तरह से छाई हुई थी। वेद,पुराण और उपनिषदों के आधार पर चलने वाला हिंदु दर्शन पूरे विश्व में छाया हुआ था विज्ञान भी उतनी तरक्की नहीं कर पाया था जितना यहां की संस्कृति और धर्म में ब्रह्मांड के राज छुपे हुए थे खगोलीय घटनाओं और प्रकृति के संरचना से संबंधित बातों का भी जिक्र यहां के धर्म ग्रंथों में समाहित था, यहां के तक्षशिला, नालंदा विश्वविद्यालयों में भी जीवन दर्शन एवं ब्रह्मांड के रहस्यों का अध्ययन करने पूरे विश्व से लोग आते थे।



समय चक्र बदला धीरे धीर दुनिया में अन्य सभ्यताओं और धर्मों का उदय हुआ जिसके अंतर्गत ईसाइयत,मुस्लिम,बुद्धिज़्म आदि धर्मो को मानने वाले लोगों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी,विश्व के अनेकों भूभागों की जनसांख्यिकी भी तेजी से बदली कुछ भाषाओं के आधार पर कुछ धर्मों के आधार पर अलग देश बने।भारतीय उपमहाद्वीप भी इससे अछूता नहीं रहा इसके कई भूभागों में इस्लाम,बुद्धिज़्म एवं ईसाइयत को मानने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी सबसे ज्यादा जनसांख्यिकी में परिवर्तन 11वी शताब्दी के बाद के वर्षों में हुआ।जब इस्लाम धर्म का उदय हुआ था तब विदेशी आक्रांताओं द्वारा तलवार की जोर पर भी अपने धर्म का विस्तार किया गया एवं यहां की पौराणिक संस्कृति को भी नष्ट कर अपनी सभ्यता एवं धर्म का प्रचार किया, जो 1900 शताब्दी आते तक इस उप महाद्वीप के बड़े भाग पर अपना कब्जा जमाने में सफलता हासिल कर लिए।भारतीय उप महाद्वीप का उत्तर का इलाका अफगानिस्तान,पाकिस्तान, एवं पूर्व का इलाका ( बंगला देश) हमसे अलग होकर अलग अलग देश बने। भारत अब एक उपमहाद्वीप न होकर छोटा सा एक देश बन चुका था, जिसको यहां के नेताओं द्वारा 1947 के बाद धर्मनिरपेक्षता की प्रोगशाला बना दिया जहां कहने को तो यह हिंदुस्तान था परंतु सभी धर्मों को मानने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया गया समय बदलता गया कुछ वर्षों में अनेकों कानूनों के माध्यम से अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम समाज को और ज्यादा अधिकार दिए गए जिससे वह अपने धर्म एवं रीति रिवाजों को मानने के लिए संविधान से बंधे न रह पाए कई मायनों में उनके आंतरिक धार्मिक मामलों में भारत का संविधान उन पर लागू नहीं हो पाता था।

### भगवान् परशुराम प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा

**डोंगरगढ़, 21 अप्रैल।** ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र भवन केदार बाड़ी खैरागढ़ रोड डोंगरगढ़ में सामान्य बैठक हुई जिसमें आगामी 29 व 30 अप्रैल को 2 दिवसीय भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया । जिसमे प्रथम दिवस 29 अप्रैल को समाज के महिलाओ के लिए रंगोली, थाल सजाओ प्रतियोगिता, मोमबत्ती जलाना सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी और बच्चों के लिए ड्राईंग , पेंटिंग,जलेबी दौड़, भगवान परशुराम जी के जीवनी में संक्षिप्त निबंध, चौपाई , दोहा, सहित अन्य धर्मिक प्रतियोगिताए आयोजित की जाएगी । द्वितीय दिवस सुबह 8 बजे से ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार , सुंदर कांड के बाद भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा पूरे शहर भ्रमण कर विप्र भवन पहुचेगी जिसके पश्चात भगवान परशुराम जी की आरती पूजा अर्चना के पश्चात पुरुष्कार वितरण, समाज के मेघावी छात्रों का सम्मान के बाद भोजन प्रसादी कराया जाएगा। बैठक में प्रमुख रुप से अध्यक्ष अनिल पांडेय, उपाध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला,प. युवराज शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, अमिताभ पांडे, सचिव ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रमणि ओझा, मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, प्रमोद शुक्ला, सहित समाज के आधार स्तम्भ वरिष्ठ वासुदेव पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, अशोक पांडे, वाशुदेव मिश्रा, पुरुषोत्तम दुबे , पूरण शर्मा,शशांक उपाध्याय, सहित युवा विंग अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांडे, परशुराम सेना शहर अध्यक्ष राहुल मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, शिशिर मिश्रा, ऋषि मिश्रा, आदित्य मिश्रा, अक्षत गर्ग, मनीष तिवारी, अभिषेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



### पुलिस ने 25 पौवा दारू के साथ बुजुर्ग को गिरफ्तार किया

**डोंगरगढ़/मोहारा, 21 अप्रैल।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ ब्लॉक में शहर सहित ब्लॉक के सैकड़ों गाँवो में खुलेआम शराब मदिरा प्रेमियों के ऊँचे दामों में कोचिया के द्वारा उप्लब्ध कराई जा रही है जिसे गांव के जनप्रतिनिधि, शहर के जनप्रतिनिधियों सहित जिले के मंत्रि सहित आबकारी व पुलिस के आलाधिकारियो को पूरी खबर होने के बाद भी धर्मनगरी में नकली दारू व दिगर राज्य के पाचासो कंटेंनर दारू खपा राज्य शासन को करोड़ो रु का चुना लगा नकली दारू की बिक्री कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है जिस पर अंकुश लगाने डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र आने वाले चौकी मोहारा के पुलिस ने 58 साल के बुजुर्ग को राज्य सरकार की दारू अधिक मात्रा में होने से पकड़कर अपनी पीठ थपथपाने का कार्य किया है जिससे क्षेत्र में पुलिस की कार्यवाही की भूरी भूरी प्रशंसा के साथ अपील की गई है कि मोहारा क्षेत्र में सरकारी भठ्ठी खोली जाए ताकि 100 की दारू 200 में ना लेनी पड़े. वहीं पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि एसपी मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा,अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के हिसाब से कानून व्यवस्था को समतल बनाने की दृष्टि से शिकायत पर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालो पर पुलिस चौकी मोहारा द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में 20 अप्रेल को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि पंचराम वर्मा पिता नत्थू वर्मा उम्र 58 साल निवासी रूवातला ताला अपने घर के एक कमरे में पीले रंग के प्लास्टिक थैला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखा गया है।



## संपादकीय

# राहुल गांधी बात तो कर सकते हैं

विपक्ष के नेता कितना भी कहें कि इस देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है, लोगों को बोलने की आजादी नहीं हैं, लेकिन इस देश में आज भी बोलने की आजादी है, खुलकर बोलने की आजादी है, अपने पुरखों के बारे में, अपने बारे में, देश की राजनीति के बारे में पीएम मोदी के बारे में खुलकर बोलने की आजादी है। सोशल मीडिया के जमाने में अगर कोई कहता है कि देश में अघोषित आपातकाल है तो उसकी बात पर सिर्फ हंसा जा सकता है। आज बोलने की जैसी आजादी है, वैसी आजादी पहले कभी नहीं थी। जो चाहे जैसा चाहे बोल सकता है। यहां तक की बड़े से बड़ा झूठ भी बोल सकता है। उसके झूठ बोलने पर भी किसी को एतराज नहीं होता है क्योंकि सब जानते हैं कि आज देश में सच बोलने की जितनी आजादी है, झूठ बोलने की भी उतनी ही आजादी है। देश में बोलने की आजादी है, इस आजादी का उपयोग कोई झूठ बोलने के लिए भी कर सकता है और कोई सच बोलने के लिए भी कर सकता है। जो जैसा है वह बोलने की आजादी का उपयोग वैसा करता है, वैसा कर रहा है। इसके लिए उस पर हंसा जा सकता है कि वह क्या बोल रहा है लेकिन उसको बोलने से कोई नहीं रोक सकता।राहुल गांधी को बोलते रहते हैं, वह बोलते वक्त यह सोचते की जहमत नहीं करते हैं कि इस विषय में पहले उन्होंने क्या कहा था, इस विषय में पहले उनके विचार क्या थे, आज जो कह रहेहैं, वह पहले वाले से कितने अलग हैं। उनको तो जब जो बोलना रहता है, बोल देते हैं। उनके बोलने का अपना अंदाज है, उनकी बोलने की अपनी भाषा है।वह सोचते हैं कि इस देश के लोग उनको समझ नहीं पा रहे हैं, इस देश के लोग वह जो कुछ भी बीस साल से बोल रहे हैं, उसको समझ नहीं पा रहे हैं। इसलिए वह अपने आपको, अपने पुरखों के जरिए समझाने का प्रयास करते हैं, वह कहते हैं कि उनके पुरखों ने जो किया वही तो वह भी कर रहे हैं। देश के लोगों को यह बात बीस साल से समझ नहीं आ रही है कि राहुल गांधी भी पं. नेहरु व महात्मा गांधी से कम नहीं है। वह भी तो वही कर रहे हैं जो अपने समय में पं. नेहरू व महात्मा गांधी ने किया। हाल ही में एक पाडकास्ट में संदीप दीक्षित के सवालों के जवाब में उन्होंने जो कुछ कहा है, उससे वह देश के लोगों को पार्टी के लोगों को यह बताने का प्रयास करते हैं कि तुम लोग बीस साल हो गया मुझ को समझ नही पा रहे हो, मैं राजनीति में वही कर रहा हूं जो महात्मा गांधी ने किया था, जो पं. नेहरू ने किया था, देश के लोग समझ नहीं पाते है,इसलिए राहुल गांधी को एक पाडकास्ट के माध्यम से समझाना पड़ा है कि आप लोगों को लगता होगा कि मैं वह नहीं कर रहा हूं जो मेरे पुरखों ने किया तो आप लोग गलत हैं, मैं भी वही कर रहा हूं राजनीति मे जो मेरे पुरखों ने किया है, क्या किया है, उन्होने राजनीति में सत्य की खोज की। देश के लोगों को पता नहीं है या वह भूल गए हैं कि नेहरू खानदान का एक राजनीतिक दर्शन भी है, पाडकास्ट में इसके बारे में राहुल गांधी ने देश के लोगों व कांग्रेस के लोगों को बताया है, समझाने की कोशिश की है कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है,नेहरू जी ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य उनकी निरंतर खोज में निहित है। राहुल गांधी ने देश को बताया,देश को समझाया कि पं. जवाहर लाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने कभी खुद को नेता के रूप में नहीं देखा, उनके परिवार का मानना रहा है कि राजनीति सच्चाई के लिए होनी चाहिए। मैं भी खुद को नेता के रूप में नहीं देखता हूं,मैं खुद को सत्य के साधक के रूप में देखता हूं।वह पाडकास्ट के माध्यम से देश को उस सत्य के बारे में बताते हैं जिसे वह सत्य मानते हैं और जिसकी खोज वह निरंतर बीस साल से कर रहे है, बीस साल का उनका राजनीति का सत्य यह है कि आज देश में भयंकर बेरोजगारी है,पूरा आर्थिक तंत्र फेल हो गया है।देश में सद्भाव का अभाव है,यह सच्चाई है, राहुल गांधी देश के लोगों से कहते हैं कि इसे आपको स्वीकारना पड़ेगा।वह देश के लोगों को बताते हैं कि इस स्थिति के कारण भारत के भविष्य को नुकसान हो रहा है। इसको समझना पड़ेगा, सत्ता से बिना डरे इसे समझना पड़ेगा। राहुलगांधी तो हमेशा कांग्रेस नेताओं व देश की जनता से कहते आए हैं डरना मत तो यह बात भी उन्होंने अपने पुरखों से सीखी है और वह देश को बताते हैं कि गांधी,नेहरू,अंबेड़कर, पटेल व बोस वास्तव में यही सिखाया कि डर से दोस्ती कैसे करें,राहुल गांधी ने देश के लोगों को बताया कि जब महात्मा गांधी एक साम्राज्य के सामने खड़े हुए तो उनके पास सच्चाई के अलावा कुछ नहीं था। राहुल गांधी सवालों का जवाब देते हुए देश के लोगों को बार बार समझाने की कोशिश करते हैं कि यह देश मुझे समझ नहीं पा रहा है क्योंकि क्योंकि मैं आम नेताओं से अलग हूं मैं चाहे बिल गेटस से बात करूं या रामचेत मोची से उनसे समान जिज्ञासा से मिलता हूं। फिर वह अपने बारे में समझाते हुए कहते हैं कि आज के भारत में सत्य असुविधाजनक है, मैंने सत्य को अपनी पसंद बना लिया है, मैं इसके लिए खड़ा रहूंगा चाहे इसकी कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।राहुल गांधी जानते हैं कि इस देश में किसी नेता की सफलता का आकलन चुनाव जिताने से किया जाता है, चाहे नेहरू हों, इंदिरा गांधी हो उनको बड़ा नेता इसलिए भी माना जाता है कि उन्होंने कई चुनाव जिताए जिसके कारण कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही और देश के लिए बहुत कुछ कर सकी। वह चुनाव जिताने के मामले में पं. नेहरू व इंदिरागांधी के बराबर नहीं खड़े हो सकते, इस आधार पर तो पूरा देश में उनको कांग्रेस का सबसे असफल नेता मानता है। पीएम मोदी इसी आधार पर पं. नेहरू व इंदिरा गांधी के बराबर नेता माने जाते है। देश में भाजपा के सबसे सफल नेता माने जाते हैं। अब राहुल गांधी को भी खुद को पं. नेहरू व इंदिरा गांधी के समान बताना है तो वह वही कर सकते हैं जो वह कर रहे हैं, उनमें ऐसी बात ढूंढने की कोशिश करना जिससे वह खुद को महात्मा गांधी, पं. नेहरू व इंदिरा गांधी के समान बता सके। सच्चाई ऐसा ही गुण है, यह तो जितने भी बड़े नेता होते हैं उनमें पाया जाने वाला कामन गुण है। यानी नेता बड़ा है तो वह सच बोलने वाला माना जाता है। सच बोलने वाले नेता को ही देश में महान नेता माना जाता है। राहुल गांधी उनके समान नहीं है लेकिन वह खुद को उनके समान गुणवाला तो बता सकते हैं। महात्मा गांधी, सत्य अहिंसा के पुजारी थे, राहुल गांधी भी खुद को सत्य का साधक तो बता सकते हैं। उन्हें कोई नहीं रोक सकता खुद को सत्य का साधक बताने से। राहुल गांधी सच कहते हैं लेकिन वह सोचते हैं कि उनके सच को पूरा देश सच मान लें, राहुल गांधी का सच अलग हो सकता और देश का सच अलग होता है। राहुल गांधी चाहते हैं कि उनके सच को देश अपना सच मान लें ऐसा होता नहीं है। यही वजह है कि राजनीति में राहुलगांधी असफल नेता माने जाते हैं। यह सच है कि वह सत्य के साधक हो सकते हैं साथ ही असफल नेता भी हैं।

## विश्लेषण

# कपड़ों से पहचान वाया श्मशान-कब्रिस्तान और अब 'पंचर' तक पहुंचा राजनैतिक विमर्श

**तनवीर जाफरी**



भारतीय जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द जरूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान 'यशस्वी' प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये जरूर देखा गया। निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नजरों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी,महान,हिन्दू हृदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं। परन्तु देश का निष्पक्ष नागरिक जब 'यशस्वी' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कांग्रेस के ही उन पूर्व प्रधान मंत्रियों से करता है जिसकी मोदी आलोचना करते हैं तो निश्चित रूप से वह पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी के सार्वजनिक भाषणों की भी तुलना 'यशस्वी' प्रधानमंत्री के भाषणों व उसके मुख्य मुख्य अंशों से जरूर करना चाहता है। और यह भी जानना चाहता है कि मात्र बहुसंख्य वोट हासिल करने के लिये क्या कभी इन पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा भी ऐसी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया जैसी कि हमारे 'यशस्वी' प्रधानमंत्री द्वारा बार बार की जाती है ? क्या इसतरह के भाषण और इस स्तर की भाषा ही हमारे प्रधानमंत्री को 'यशस्वी' प्रधानमंत्री बनाती है ?

पिछले दिनों देश के यही 'यशस्वी' प्रधानमंत्री हरियाणा के हिसार पधारे। यहाँ एक जनसभा में वक़्फ़ कानून का जिक्र करते करते कुछ ऐसे शब्द उनके मुंह से निकले जिससे उनका 'यश' रातोंरात चौगुना हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहाँ भी अपनी प्रिय ' पंच लाइन ' तो दोहराई ही कि कांग्रेस पार्टी वक़्फ़ को लेकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कह डाला कि- ₹वक़्फ़ की संपत्ति का अगर ईमानदारी से उपयोग हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को साइकिल का पंक्चर बनाकर ज़िंदगी नहीं गुजारनी पड़ती। ₹ इत्तेफाक से जिसदिन प्रधानमंत्री अपने इस 'बेशक़ीमती वचनों' के द्वारा समुदाय विशेष के युवाओं को पंक्चर बनाने वाला युवा बता




रहे थे उसी दिन संविधान निमार्ता बाबासाहेब की जयंती भी थी। इस 'बेशक़ीमती वाक्य ' के उनके मुंह से निकलते ही 'यशस्वी प्रधानमंत्री' को लोगों ने खासकर विपक्ष ने आईना दिखाना शुरू कर दिया। जो प्रधानमंत्री देश के युवाओं को पकौड़ा बेचने की सलाह देते थे वही पंक्चर जैसे व्यवसाय का मजाक उड़ाते दिखाई दिये? यहाँ यह याद दिलाना जरूरी है कि आज की महंगाई के समय में पंक्चर बनाने का व्यवसाय शुरू करना भी आसान नहीं है। लाखों रुपए,उपयुक्त स्थान,बिजली,एयर कम्प्रेसर,भरपूर मेहनत और भी बहुत कुछ कुछ चाहिये पंक्चर का व्यवसाय शुरू करने के लिये। वैसे भी यह रोजगार भीख मांगने या खंजरी बजाने से तो कहीं बेहतर और इज्जत वाला कारोबार है साथ ही यह वाहन चालकों को बड़ी राहत पहुँचाने वाला व्यवसाय है। याद कीजिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कुछ वर्ष पूर्व इंदौर में एक कार्यक्रम में कहा था कि ह्यभीख मांगना भी देश के 20 करोड़ लोगों का रोजगार है, जिन्हें किसी ने रोजगार नहीं दिया उन लोगों को धर्म में रोजगार मिलता है, जिस परिवार में पांच पैसे की कमाई भी न हो उस परिवार का दिव्यांग और दूसरे सदस्य धार्मिक स्थलों में भीख मांगकर परिवार का गुजारा करता है, ये छोटा काम नहीं है।ह्व जरा सोचिये जब संघ के वरिष्ठ नेता को भीख मांगना तक भी छोटा काम नहीं लगता तो संघ प्रशिक्षित 'यशस्वी' प्रधानमंत्री को पंक्चर बनाना जैसा अहम व्यवसाय तुच्छ व्यवसाय कैसे नजर आ गया ? इसी तरह संघ प्रशिक्षित व उत्तर प्रदेश के एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के उप कुलपति राजाराम यादव ने भी अपने एक व्याख्यान में भीख मांगने को न केवल सही ठहराया था बल्कि इसे प्रोत्साहन भी दिया था। उन्होंने बताया था कि 'अपने छात्र जीवन में जब वे ट्रेन से स्कूल जाते थे उस समय एक अंधा भिखारी डफली बजा कर एक दिन में एक से दूसरे स्टेशन के बीच में 2 दिन की जरूरत भर की कमाई कर लेता था। आज दुनिया में भारत में बेरोजगारी का हव्वा खड़ा करके देश को बदनाम किया जा रहा है'। उसी समय उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुये यह तक कह दिया था कि 'अगर किसी के पास डफली खरीदने के पैसे ना हों तो उनको विश्वविद्यालय डफली खरीद कर दे देगा । वैसे तो प्रधानमंत्री भी अपने साक्षात्कार में अपने ही लिये 25-30 वर्षों तक भीख मांगने की बात कर चुके हैं। फिर आखिर पंक्चर बनाने जैसा परिश्रम करने वाला स्वाभिमानी व्यवसाय तुच्छ या निकृष्ट अथवा हीन व्यवसाय कैसे और क्योंकर हो गया ?

'यशस्वी' प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता सिर्फ 'पंक्चर ज्ञान ' तक ही सीमित नहीं है बल्कि कभी वे यह ज्ञान भी देते हैं कि 'उपद्रवियों की पहचान उनके कपड़ों से ही पता चल जाती है।' और कभी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की खातिर उन्हें यह कहने में भी कोई हिचक नहीं होती कि -' अगर रमजान में बिजली आती है तो दीवाली में भी आनी चाहिए। अगर कब्रिस्तान के चारों तरफ दीवार बनती है तो श्मशान भी वैसा ही होना चाहिए। ' मुझे तो नहीं याद कि पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्रियों ने भी कभी इसतरह की भाषा का प्रयोग किया हो जोकि आज के युग के 'यशस्वी' प्रधानमंत्री द्वारा की जा रही है। आखिर विपक्षी नेताओं द्वारा क्यों आज प्रधानमंत्री को 'दो रुपए के ट्रोल्स की भाषा का प्रयोग करने वाला प्रधानमंत्री' कहा जाने लगा है ? जाहिर है इसकी वजह यही है कि दुर्भाग्यवश अब राजनैतिक विमर्श का स्तर 'कपड़ों से पहचान' वाया शमशान-कब्रिस्तान होते हुये अब 'पंक्चर' तक पहुँच चुका है।

## राशिफल

**मेष** आज आपके मन में किसी बात को लेकर उथल पुथल बनी रहेगी, जिसका असर आपके बिजनेस पर भी पड़ेगा। आप किसी अजनबी पर भरोसा करके किसी नुकसान में आ सकते हैं, इसलिए आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपनी माता जी की सेहत में भी कोई यदि गिरावट महसूस हो, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी दिनचर्या बेहतर रहेगी, लेकिन आप अपने कामों मे आगे बढ़ेंगे। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपको किसी नए घर की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो उसके लिए कोई डील फाइनल कर सकते हैं। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए इन्वेस्टमेंट करना होगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कार्यक्षेत्र में कुछ कामों में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्त हो सकती हैं, लेकिन विद्यार्थियों की किसी नए कोर्स को करने की इच्छा जागृत होगी। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपके कुछ नया करने के प्रयास बेहतर रहेंगे।

**कर्क** आज आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप ईर्ष्यालु और झगड़ालु लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे। घूमने-फिरने जाने की आप योजना बना सकते हैं और रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आपके परिवार में यदि कोई कलह लंबे समय से पैर पसारे हुए थी, तो आपको उसे मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी और आपके बीच कोई बहस हो सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी संतान को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे आसानी से पूरी करेंगे। आपको ननिहाल पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको किसी कानूनी मामले में लापरवाही समस्या बन सकती है। आप किसी से कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ नई चीजों को शामिल करेंगे। आपका किसी संपत्ति को लेकर यदि वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप अपने भाई व बहनों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपका कोई पुराना मित्र आपके इन्वेस्टमेंट को लेकर कोई सलाह दे सकता है। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप अपने शौक और मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत के प्रति आपको सचेत रहना होगा, क्योंकि उनको कोई हड्डियों से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आप बचत की योजनाओं पर भी ध्यान लगाएंगे, तभी आप अपने भविष्य को लेकर संतुष्ट रहेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। आपको कोई एलर्जी या इन्फेक्शन आदि से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आप अपने भाई व बहनों से किसी बात को लेकर बेवजह न उलझें। आपकी कोई पुरानी गलती के लिए आपको पछतावा होगा। आप किसी परिवार के सदस्य के करियर को लेकर कोई निर्णय ले, तो वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में ले, तो अच्छा रहेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों अपनी आगे की जिंदगी के बारे में प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर परेशान रहेंगे। बिजनेस में भी आपकी कोई डील फाइनल होते होते अटक सकती है, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगी। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच विचार करेंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर किसी योजना में धन लगाना बेहतर रहेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़ें।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी बहकावे में ना आए। यदि कुछ पारिवारिक समस्याएं यदि लंबे समय से चली आ रही थी, तो उनसे आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके बिजनेस की कोई नई डील फाइनल होगी। बिजनेस में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। आपके बॉस से रिश्ते भी बेहतर रहेंगे और वह आपके प्रमोशन के बारे में भी सोच सकते हैं। आपको अच्छा धन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन** आज आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग प्रमोशन मिलने से काफी खुश रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकर की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

## व्यंग्य

# बाबुओं का बटर चिकन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



सरकारी दफ्तर के बाहर लंबी कतार पसरी हुई थी। धूप में पिघलते लोग, अपने-अपने दुखों को माथे की शिकन में समेटे, बस एक उम्मीद लिए खड़े थे—आज नहीं तो कल, उनका काम हो ही जाएगा। कतार में औरतें, बूढ़े, जवान, सभी शामिल थे। किसी की बेटी की शादी का प्रमाण पत्र अटका था, तो कोई अपनी पेंशन के कागज लेकर हताश खड़ा था। सभी के चेहरे पर वही पुराना, घिसा-पिटा शिकायती भाव था, जो सरकारी तंत्र से टकराने के बाद हर आम नागरिक के चेहरे पर अनिवार्य रूप से उभर आता है। भीड़ में एक साहब अलग ही आत्मविश्वास से चमक रहे थे। खद्दर का कुर्ता, आंखों में सरकारी संपर्कों की चमक, और मुंह में पान की लाली—जैसे किसी विशेषाधिकार प्राप्त प्रजाति के जीव हों। वे हर दो मिनट में अपनी जेब से एक मुड़ा-तुड़ा कागज निकालते, उस पर ऐसे गौर फरमाते मानो कोई गुप्त सरकारी आदेश हो, फिर उसे वापस जेब में ठूंस देते। कतार में खड़े बाकी लोग उनकी इस हरकत को संदेह से देख रहे थे, मानो वे किसी ऐसे राज से वाकिफ हों, जिससे यह लाइन में खड़े बेचारों का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं। अंदर सरकारी बाबू अपनी कुरसी पर विराजमान थे। सरकारी टेबल पर बेतरतीब फाइलों का ढेर था, लेकिन बाबूजी के चेहरे की चमक कुछ और ही बयां कर रही थी। देखने से लगता था जैसे कल ही प्रमोशन मिला हो, पर सच्चाई कुछ और थी—प्रमोशन से ज्यादा खुशी उन्हें अपने टिफिन में रखे बटर चिकन से थी। उन्होंने घड़ी देखी, लंच ब्रेक में सिर्फ आधा घंटा बचा था। मन में विचार आया—₹क्यों न कुछ फाइलें कल के लिए टाल दूं?₹ आखिर सरकारी काम में जल्दबाजी किसने देखी है! बाहर खड़े लोग धीरे-धीरे अधीर हो रहे थे। कोई लंबी सांस खींचता, कोई सरकारी दफ्तर की दुर्दशा पर व्यंग्य कसता, तो कोई अपनी मजबूरी को कोसता। लेकिन बाबूजी को इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता था। उनकी प्राथमिकता बटर चिकन थी, बाकी फाइलें तो चलती रहेंगी—सरकारी रफ्तार में, धीरे-धीरे, आराम से! किर्ररर्ररर्र! बाबूजी की कुर्सी फिर से हिली। यह आवाज अब दफ़्तर में सुबह की आरती जैसी हो गई थी—शुभ संकेत कि सरकारी मशीनरी पूरे आलस के साथ सक्रिय हो चुकी है। बाबूजी ने कुर्सी पर अपना भार थोड़ा और डाला, जिससे कुर्सी ने अपनी व्यथा और जोर से प्रकट की। पास खड़े जूनियर क्लर्क ने राहत की सांस ली—कम से कम आज बाबूजी कुर्सी से उठने वाले नहीं थे। बाहर खड़े रामलाल की पेशानी पर पसीने की बूँदें अब गंगा में मिलने को आतुर हो चुकी थीं। सुबह आठ बजे से वह अपने बेटे के स्कूल में दाखिले के लिए खड़ा था, लेकिन साहब के कानों तक उसकी आवाज पहुँचना मुश्किल था। सरकारी दफ़्तरों में आवाज पहुँचाने के लिए या तो ऊँची सिफारिश चाहिए, या फिर ह्यनजरानाह्न—रामलाल के पास दोनों में से कुछ नहीं था। उसने एक बार फिर हिम्मत जुटाई और बोला, ₹साहब, मेरा नम्बर कब आएगा?₹ बाबूजी ने चश्मे के पीछे से उसे इस तरह घूरा मानो उसने संसद में प्रधानमंत्री का भाषण बीच में रोक दिया हो। फिर गले को साफ करते हुए बोले, ₹अबे, सरकारी काम है, कोई इंस्टैंट नूडल्स नहीं कि दो मिनट में हो जाएगा!₹ रामलाल हक्का-बक्का रह गया। उसे समझ नहीं आया कि साहब को गुस्सा उसके बोलने पर आया था या उनके लंच टाइम में खलल डालने पर। सरकारी दफ़्तरों में लंच टाइम का पवित्र महत्व होता है—कोई इसे डिस्टर्ब करने की भूल करे तो फिर वह खुद को कचहरी के किसी कोने में फाइलों के नीचे दबा पा सकता है। बाबूजी ने टेबल पर रखी फाइलों पर एक उदासीन नजर डाली। उनके लिए यह फाइलें महज कागज नहीं, बल्कि धैर्य की परीक्षा लेने वाले साधन थे। उन्होंने एक गहरी साँस ली और चपरासी को आवाज दी, ₹चाय लाओ।₹ चाय आएगी, तब जाकर सोचेंगे कि रामलाल की फाइल को देखना भी है या नहीं। रामलाल फिर अपनी जगह पर जाकर बैठ गया। उसे अब एहसास हो गया था कि सरकारी कामों में ₹आज-कल, देखेंगे, हो जाएगा₹ का वही महत्व है जो क्रिकेट में ₹ड्रिंक्स ब्रेक₹ का—जरूरी लेकिन नतीजे पर कोई असर नहीं डालने वाला।

## गंभीर समस्या

# रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

**संजीव ठाकुर**



भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा' निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं' भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए ' अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र



स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

## एक नजर

### जिले में लग रहे स्मार्ट मीटर

**सुकमा, 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश से लेकर सुकमा जिले में बिजली विभाग द्वारा पुराने मीटर बदलकर लग रहे हैं स्मार्ट मीटर, अब यह स्मार्ट मीटर क्या है , इसकी जानकारी कुछ शत प्रतिशत सुकमा जिला की जनता को मालूम होगा, क्या गांव में रहने वाली जनता स्मार्ट मीटर को भेद पाएगी, आखिर क्या है स्मार्ट मीटर, जानकारी के अनुसार जितना पैसा डालोगे उतना चलेगा मगर कितना पैसा डालोगे और कितना चलेगा, आने वाले समय में एक समस्या बनकर सामने आएगा स्मार्ट मीटर, लगभग साल भर में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 1876 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**धमतरी, 21 अप्रैल।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु आज जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों में चयन परीक्षा हुई। इनमें मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी, मेनोनाईट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, सर्वोदय उ.मा.वि. धमतरी, डॉ. शोभाराम देवांगन शा.उ.मा.वि. धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिन्दी उ.मा.वि. हटकेशर धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी उम.मा.वि. धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिन्दी उ.मा.वि. गोकुलपुर धमतरी, नूतन उ0मा0वि0 धमतरी शामिल है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास और नोडल अधिकारी, प्रेक्षक एवं केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि प्रवेश हेतु कुल ढाई हजार छात्र-छात्राओं से आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से एक हजार 876 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 624 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

### एक देश-एक चुनाव पर देश में बने सर्व सम्मति : रूपकुमारी चौधरी

**धमतरी, 21 अप्रैल।** जिला अधिवक्ता संघ धमतरी द्वारा एक देश एक चुनाव विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बाबू छोटे लाल वास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद मती रूपकुमारी चौधरी ने अधिवक्ता संघ के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संघ के द्वारा जिस विषय को गोष्ठी हेतु चुना गया है वो ऐसा विषय है जो आने वाले समय में राष्ट्र का भविष्य तय करेगा। वर्तमान समय में देश का बहुत सारा वक्त, संसाधन और ऊर्जा केवल चुनाव कराने में नष्ट होती है। इसके चलते विकास कार्य अवरुद्ध होता है। इसे लेकर आम राय बनाने में बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी भूमिका निभा सकता है। सरकार केवल संसद में बहुमत के आधार पर इस कानून को नहीं लाना चाहती हम चाहते हैं कि इस विषय पर सर्वसम्मति बने क्योंकि ये राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ विषय है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से प्रेरित एक देश एक चुनाव केवल एक चुनावी सुधार नहीं है बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने वाला क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगा अपितु देश के आर्थिक, प्रशासनिक और विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता एल पी गोस्वामी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि अधिवक्ता संघ ने ये बीड़ा उठाया। धमतरी से उठी यह चिंगारी राष्ट्र में राजनीतिक सुधार की अलख जगाएगी। इससे देश को लाखों करोड़ के अपव्यय से बचाया जा सकेगा।

### भाजपा पार्षद ने एनएमडीसी सीएमडी अमिताभ मुख़र्जी से सौजन्य मुलाकात की



**बचेली, 21 अप्रैल।** बचेली नगर के विकास और सौंदिर्यकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, सतीश प्रेमचंदानी और बीजेपी के पार्षद गण बचेली दौरे पर आये एनएमडीसी सीएमडी अमिताभ मुख़र्जी से सौजन्य मुलाकत की उन्हें पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया एवं नगर के विकास के लिए अपने कुछ मांगो को उनके सम्मुख प्रस्तुत किया। राजू जायसवाल द्वारा प्रमुखता से हर वार्ड में जल आपूर्ति के लिए बोरवेल खनन, शिव मंदिर रोड डामरीकरण,शव वाहन प्रदाय, एम्बुलेंस वाहन प्रदाय,एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में ओपीडी पर्ची 65 रु लिए जा रहा हैं, उसे पहले के भांती 10 रू करने के लिए भी निवेदन किया गया हैं,अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण जैसे सिटी स्कैन,सोनोग्राफी, एमआरआई, की व्यवस्था का भी ज्ञापन सौपा गया हैं। सीएमडी द्वारा उनके ज्ञापन पर विचार करने और व्यवस्था का भी आश्वशन दिया गया हैं।

# लौहनगरीवासियों को जर्जर पुल व घटिया सड़क से आखिर कब मिलेगी निजात





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ सरकार सड़क निर्माण कार्य के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है परंतु कागजों में गुणवत्तापूर्ण सड़क बन रही हैं और विकास अधिकारी एवं ठेकेदार की जेब में हो रहीं भारी

■ आनन फानन में हो रहा है गुणवंताहीन सड़क निर्माण

**बचेली, 21 अप्रैल।** स्थनीय लोगों द्वारा सड़क निर्माण की मांग करते हुए कई साल बीत गए हैं और बड़ी मुश्किल से मांग पूरी होने के बाद सड़क बनाने की स्वीकृति मिली है परंतु ठेकेदार मेसर्स एन सी नहर द्वारा कछुआ गती कराई जा रहीं निर्माण कार्य से राहगीर परेशान तो थे ही लगातार जिसकी शिकायत करने पर अब काम में थोड़ी तेजी तो आई हैं परंतु आनन फानन में गुणवंता हीन निर्माण किया जा रहा है नाहीं सड़क पर जीएसबी डाली जा रही है नाहीं सड़क में स्क्रैचिंग किया जा रहा है पुरानी जर्जर सड़क के ऊपर ही डामर की परत चढ़ाकर लीपा पोती की जा रहीं हैं।

किरंदुल से लेकर दंतेवाड़ा तक 40 किलोमीटर सड़क का निर्माण पी डब्ल्यू डी विभाग के अंतर्गत किया जा रहा हैं सड़क निर्माण कार्य के 15 दिन भी बीत नहीं रहें है कि सड़क उखड़ने लगी है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य काफी घटिया तरीके से कराया जा रहा है जिसे लेकर स्थनीय लोगों में काफी आक्रोश है। लौहनगरी में घटिया सड़क निर्माण से लोग परेशान तो हैं ही पिछले 2 वर्षों से हो रहे हादसे भारी धूल और कीचड़ ने राहगीरों की जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है स्थानीय लोगों ने समाचार पत्रों के माध्यम से अपील की है कि जल्द से जल्द सड़कों की निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो ताकि दुर्घटनाओं और धूल से लोगों को निजात मिल सके

सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है मगर ठेकेदारों एवं विभाग्य इंजीनियरों के लापरवाही का खामीयाजा राहगीरों व स्थनीय लोगों को भुगतना पड़ता है। ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियो की मिली भगत में पैसों का बंदर बाट कर दिया जाता है स्थानीय लोगों का कहना है की अब ऐसा बिल्कुल नहीं चलेगा निर्माणाधीन सड़क की उच्च स्त्रीय जाँच करवाने की बात कह रहें हैं। यदि जाँच में निर्माणाधीन सड़क गुणवत्ताहीन पाई गई तो सड़क उखाड़ कर निर्माण कार्य दोबारा करवाएंगे अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

> बचेली से किरंदुल जो की घाट क्षेत्र है जहां रोड में स्क्रैचिंग करना व जी.एस.बी डालने की आवश्यकता नहीं है यहां पुराने सड़क के ऊपर ही डामर की परत चढ़ाई जानी है एस्टीमेट के अनुसार।
>
> **शिवलाल ठाकुर**
> **ई पी डब्ल्यू डी दंतेवाड़ा**

# रायपुर से आये प्रेक्षकों ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

■ प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 79.20 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को सुकमा जिले के 08 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया है। सहायक संचालक डॉ अनिल कुमार विरुलकर, श्री शिव कुमार बांधे और सहायक आयुक्त सुकमा श्री शरतचंद्र शुक्ला के द्वारा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। कुल 79.20 प्रतिशत विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित रहे।

सहायक आयुक्त श्री शरतचंद्र शुक्ला ने बताया कि सुकमा जिले के कुल 1592 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीयन किया था। इनमें से कुल 1261 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 331 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

**प्रयास आवासीय विद्यालय का महत्व**-प्रयास आवासीय विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय हैं, जो विशेष रूप से आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने पर केंद्रित हैं।इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

# अभियान चलाकर किया जाएगा राजस्व प्रकरणों का निराकरण: कलेक्टर

■ चिंताकोंटा एवं सुन्नमगुड़ा में ग्रामीणों को बी-1 और किसान किताब का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 21 अप्रैल।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के द्वारा जिले के सभी ग्रामों में राजस्व संबंधी सभी कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायतों में राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कोंटा तहसील के चिंताकोंटा एवं सुन्नमगुड़ा गांव में गुरुवार को लगभग 29 ग्रामीणों को अपडेटेड बी-1 का वितरण किया गया। ग्राम के सभी खातेदारों को भूमि संबंधी दस्तावेज बी1 (किश्तबन्दी खतौनी आसामीवार), खसरे का निःशुल्क वितरण हल्का पटवारी के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे भूमिस्वामियों को जिनके पास किसान किताब नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर तत्काल किसान किताब प्रदान किया जा रहा है। सभी ग्रामों में हल्का पटवारियों द्वारा बी1 का वाचन भी किया जा रहा है एवं मृत खातेदारों के स्थान पर उनके विधिक वरिसानों का नाम जोड़ने हेतु फौती-नामांतरण के आवेदन पत्र मौके पर ही लिया जा रहा है। परिजनों द्वारा आपसी सहमति के आधार पर बंटवारा की माँग किये जाने पर बँटवारा हेतु आवेदन लिया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पंचायतों में लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही कृषि विभाग और अन्य संबंधित विभागों के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए प्रपत्र तैयार किए जा रहे हैं। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) राजस्व के द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है।

# एसईसीएल से विकास कार्यों पर बनी सहमति

■ 22 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होंगे सभी क्षेत्र के प्रतिनिधि

**कोरबा 21 अप्रैल।** ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के 12 सूत्रीय मांगों के अलावा क्षेत्र स्तर की मांगों पर गेवरा, दीपका, कोरबा, कुसमुंडा और रायगढ़ क्षेत्रीय कार्यालयों में द्विपक्षीय वार्ता कर कुछ निर्णय लिए गए। जिसके अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों, आउटसोर्सिंग कंपनियो में भर्ती और ठेका कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, मुआवजा और बसाहट से संबंधित प्रकरणों पर जिला प्रशासन के साथ त्वरित निपटारा कर मुख्यालय भेजे जाने इत्यादि विषयों पर सकरात्मक वार्ता हुई तथा मुख्यालय से सबंधित बिंदुओं पर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा के लिए प्रस्ताव लिया गया है। क्षेत्रीय स्तर की बैठक में लिए गए निर्णय अंतर्गत मॉनिटरिंग कमेटी का गठन कर प्रति माह प्रभावित ग्राम में चैपाल लगाकर समस्याओं का समाधान, सप्ताह में एक दिन हर ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का निःशुल्क दवाई वितरण के साथ आयोजन, आवश्यकता के अनुसार पेयजल की आपूर्ति और बोर खनन, निस्तार हेतु तालाबो में खदान का पानी का भराव, पुनर्वास ग्रामो में मुक्तिधाम का निर्माण, जर्जर सड़को का जीर्णोद्धार, पहुंचविहीन मार्गो में निर्माण तथा प्रदूषण रोकने के लिए पानी का छिड़काव, स्वयं सहायता समूह को स्थायी आजीविका के लिए ट्रेनिग और उपकरण उपलब्ध कराना, बेरोजगार युवकों को कौशल उन्नयन कर व्यवसाय हेतु मदद, आउटसोर्सिंग कंपनियो में स्थानीय भर्ती कराने हेतु पूर्व में लिए गए निर्णय को लागू करना।

स्वागत....



**सुकमा, 21 अप्रैल। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सुकमा के दौरे पर लता गेडाम स्टेट कोआडीनेटर एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ बहुजन समाज पार्टी जिला सुकमा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस में पूर्व स्टेट प्रेसिडेंट हेमंत पोयम, स्टेट सचिव शेखर जानजीर सुकमा जिला अध्यक्षक मा सोलोमन गांडा बसपा, मासा मड़कामी, दुला, पुनेम, दुलेश आदि उपस्तिथ थे।**

### पंडित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोरबा 21 अप्रैल।** 19 अप्रैल मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में वृहद् निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच ( इवदम डपदमतंस कमदेपजल जमेज) तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10,11 महानदी काम्प्लेक्स निहारिका रोड कोरबा में दिनांक 19 अप्रैल 2025 शनिवार को आयोजित कीया गया। जिसमें सर्वप्रथम चिकित्सकों तथा शिविरार्थियों ने भगवान परशुराम, आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवन्तरी , भारत माता तथा मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर, उनके समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

### सिटी ग्राउंड में आध्यात्मिक सत्संग व दहेज मुक्त विवाह का आयोजन



**जगदलपुर, 21 अप्रैल।** मुनिन्दर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आज शहर के सिटी ग्राउंड में आध्यात्मिक सत्संग व दहेज मुक्त विवाह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों का विनाश करके स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अवसर पर 4 जोड़े दहेज मुक्त विवाह के बंधन में बंधे। सात लोगों ने महारानी अस्पताल में रक्तदान किया वहीं 100 लोगों ने पेड़ दान संकल्प का फॉर्म भरा। महापौर संजय पाण्डे ने कहा संत श्री रामपाल जी महाराज के सानिध्य में और मुनिन्दर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित दहेज मुक्त, बारात मुक्त, बैंड बाजा मुक्त विवाह समाज को एक नई दिशा देगा। समाज में बदलाव तो आएगा साथ ही नई पीढ़ी को एक नई दिशा भी देगा। समाज में गरीबी, अशिक्षा जैसी बहुत सारी विसंगतियां फैली हुई है। विसंगतिया दूर करने आध्यात्म का बड़ा योगदान व महत्व है। आज शहर में जिस तरह का आयोजन हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैले और लोग दहेज मुक्त विवाह में शामिल हों। समाज में दहेज प्रथा एक कलंक है इसे दूर करना हम सब का कर्तव्य है। इसके लिए सभी समाज आगे बढ़े व जागृत हो तभी इस विकराल समस्या से निजात पाया जा सकता है। हर देश की अपनी नीति है। भारत की नीति वेद, पुराण, शास्त्र, संत, मुनि है। भारत को परम वैभव तक ले जाना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजा राम तोड़ेम, नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, शशिनाथ पाठक, दिनेश नाग, गणपत सेठिया, दुष्यंत साहू, पंकज दास, जगदीश दास, जयपाल सेठिया, वनवासी बघेल आदि मौजूद रहे।

### जनसंपर्क विभाग की प्रकाशित छग जनमन पत्रिका का वितरण



**सुकमा, 21 अप्रैल।** जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का एसपी कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों को निःशुल्क वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह एक बड़ा दिन है जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में स्थित ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी को प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। बड़ेसेट्टी पंचायत के 11 माओवादियों ने सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। इन सभी आत्मसमर्पित को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और साथ ही जनसंपर्क विभाग के द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पत्रिका में राज्य शासन के द्वारा लोककल्याण और विकास के क्षेत्र में लिए गए निर्णयों के संबंध में अद्यतन जानकारी मिलती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस पत्रिका में प्रमाणिक तथ्यों का संकलन है।

■ छत्तीसगढ़ के प्रथम नक्सलमुक्त पंचायत बड़ेसट्टी के 11 आत्मसमर्पितों को वितरण

■ शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

### शिक्षा विभाग से शान्ति और छोटू को मिला मोबाइल फोन



**सुकमा, 21 अप्रैल।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी एवं जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा के सफल दिशा निर्देश पर जिले के दृष्टिबाधित छात्रा कुमारी शांति पीएम श्री स्कूल सुकमा कक्षा नवमी एवं मडकम छोटू पीएम श्री स्कूल सुकमा कक्षा आठवीं को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्रीमती नम्रता जैन के हाथों से एंड्राइड मोबाइल फोन, कीबोर्ड एवं हेडफोन वितरित किया गया। दोनों छात्र राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के द्वारा दिनांक 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक रायपुर में आयोजित एंड्राइड मोबाइल प्रशिक्षण में उपस्थित होंगे। दोनों छात्र स्पेशल एजुकेटर श्री रविशंकर साहू के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### बंजर जमीन को बनाया उपजाऊ खेती से कर रहे बंपर कमाई

**कोरबा 21 अप्रैल।** जिले के भटगांव क्षेत्र में कृषक दिलीप कुमार कंवर ने अपनी बंजर जमीन को पहले उपजाऊ बनाया और फिर उस पर सूरजमुखी और मूंगफली की खेती करनी शुरू कर दी। आज इस किसान की बंपर कमाई हो रही है। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार कंवर आदिवासी समुदाय से आते हैं। उनके पास जो थोड़ी सी जमीन थी वह भी पूरी तरह बंजर थी। उन्होंने अपने खेत को उपजाऊ बनाने की ठानी। खेतों की महीनों तक खूब जुताई की और उनमें जैविक खाद डाला। इस तरह से जमीन फसल लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गई। दिलीप जानकारी देते हुए बताते हैं कि जब खेत पूरी तरह से तैयार हो गए तो उन्होंने इस पर धान-गेहूं की जगह सूरजमुखी की खेती करने की सोची। वह बताते हैं कि पहली बार मैंने रतनपुर में सूरजमुखी के खेत देखे थे। फिर इस खेती की पूरी जानकारी ली। इसके बाद सूरजमुखी के बीज खरीदकर अपने खेतों में बुआई की।

अब वर्तमान समय में वह सूरजमुखी के साथ मूंगफली की भी खेती कर रहे हैं। तीन एकड़ खेत में दोनों फसलों की खेती करी। इस तरह से वह एक समय में दोहरी खेती कर रहे हैं। दिलीप बताते हैं कि इस फरवरी में जिस सूरजमुखी और मूंगफली की फसल लगाई है, उसे मई में काटने की तैयारी है। उम्मीद है कि मूंगफली और सूरजमुखी दोनों से ही तेल निकालकर दो से ढाई लाख रुपए का मुनाफा हो सकता है।

दिलीप बताते हैं कि जिस मेड़ को किसान खाली छोड़ देते हैं, वहां कोई फसल नहीं लगाते हैं, उस मेड़ पर मैं सूरजमुखी लगा देता हूं। सूरजमुखी की फसल के नीचे मूंगफली भी लगा रखी है। इस भीषण गर्मी के मौसम में भी उनके खेत में सूरजमुखी की फसल लहलहा रही है। धान की फसल की तुलना में सूरजमुखी और उसके नीचे मूंगफली की खेती में कम मेहनत लगती है। इस फसल की सिंचाई भी कम करनी पड़ती है। इन दोनों फसलों की बाजार में मांग भी काफी रहती है। दिलीप की देखादेखी उनके ग्राम के अन्य किसानों ने भी सूरजमुखी की खेती करनी शुरू कर दी है। सूरजमुखी के फूल का आकार जितना बड़ा होगा, इससे उतना ही अधिक तेल निकलेगा।

### कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक करूंगा काम

# कोरबा की जनता का मुझ पर अखंड विश्वास,मेरी सबसे बड़ी पूंजी: उद्योग मंत्री

■ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य व महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 2 वार्डो को मिली 61 लाख 30 हजार रुपए के विकास कार्यो की सौगात

**कोरबा 21 अप्रैल।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कोरबा की जनता ने मुझ पर सदैव अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, हमेशा अपना अशीर्वाद दिया है, यह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक काम करूंगा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है तथा यहॉ के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव उनके समक्ष मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, वे इन प्रस्तावों को तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 34 एवं वार्ड क्र. 30 में 61 लाख 30 हजार रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने हैं, आज वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर तथा पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यो की आधारशिला उद्योग मंत्री देवांगन के हाथों रखी गई। उन्होने विधिवत पूजा अर्चना की, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि आज देश व प्रदेश में हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक रूप से कार्य कर रही है, प्रदेश के शहरी इलाकों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों तक विकास की बयार बह रही है, प्रदेश के प्रत्येक गांव में पक्की सड़कें हों, पेयजल की पर्याप्त सुविधा हों, कोई भी गांव, कोई भी मोहल्ला अंधेरे में न रहें, सभी घरों तक बिजली की रोशनी जगमगाएं, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है, एक ओर जहॉं आमनागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रदेश के यशस्वी नेता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 15 वर्ष तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा की तथा ऐतिहासिक रूप से राज्य का विकास कर अपने छत्तीसगढ़ राज्य को देश के विकसित राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा किया था, हमारी सरकार उनकी इसी विकास यात्रा को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि जब-जब हमारी सरकार देश व प्रदेश में बनती है, प्रगति व विकास की नई इबारते लिखी जाती हैं।

नहीं टूटने दिया जाएगा, जनता जनार्दन का विश्वास - भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने हमारे उद्योग मंत्री भैया लखनलाल देवांगन पर तथा इसके पश्चात मुझ पर जो अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, अपना आशीर्वाद देकर निगम की कमान मेरे हाथ में सौपी है, उनके इस विश्वास को कभी भी टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होने कहा कि जहॉं तक कोरबा के विकास का सवाल है तो उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने जब कोरबा के महापौर थे तो अपने कार्यो की बदौलत उन्होने कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि कोरबा के विकास में, आपकी समस्याओं को दूर करने में

# देवांगन ने की मोर दुआर-साय सरकार आवास महाभियान की शुरुआत

कोरबा, 21 अप्रैल। प्रधानमंत्री आवास योजना. ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर.साय सरकार महाभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कटघोरा विधानसभा के ग्राम पंचायत जेंजरा में अभियान की शुरुआत करते हुए आवास हितग्राही कचरा बाई और तीज बाई के घर पहुंचकर स्वयं मोबाइल ऐप पर सर्वेक्षण किया। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नागए एडीओ खगेश निर्मलकरए सहित अन्य जनप्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## कैबिनेट मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत किसानों को प्रदान किया पिकअप वाहन

कोरबा, 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के हाथों प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जीवित मछली विक्रय हेतु कोरबा के मत्स्य कृषक श्री प्रतीक आदिले को पिकअप वाहन प्रदाय किया गया। उन्होंने हितग्राही को बधाई देते हुए व्यवसाय में अच्छा लाभ कमाने का शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि हितग्राही श्री प्रतीक आदिले पुरानी बस्ती कोरबा के निवासी हैं। जिनके द्वारा आजीविका के साधन के रूप में मछली विक्रय कार्य को अपनाया गया एवं यही एकमात्र व्यवसाय विगत 8-10 वर्ष से करते आ रहे हैं। कोरबा जिले के अलावा आसपास के जिलों में भी इनके द्वारा मछली विक्रय का कार्य किया जाता है। प्रतिदिन 1 से 2 टन मछली का विक्रय किया जा रहा है। मछली पालन विभाग की योजना के तहत उन्हें शासकीय अनुदान प्रदाय कर सहायता की गई है, जिससे उनके व्यापार में वृद्धि होगी एवं उनकी आजीविका सुदृढ़ होगी। इससे पूर्व उनके द्वारा वाहन किराये पर लेकर यह कार्य किया जाता था। अब शासन की सहायता से उनका स्वयं का वाहन हो जाने से आत्मनिर्भर हो गए है।

**समाचार संक्षेप**

## शोक संतप्त परिजनों से मिलकर सांसद ज्योत्सना ने बंधाया ढाढस



कोरबा, 21 अप्रैल। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा पहुंचकर महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय के पति नवीन उपाध्याय के निधन पर उनके आरपी नगर स्थित निवास पहुंचकर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपना ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। सांसद ने पोड़ीबहार की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रही प्रेमलता मिश्रा के निधन पर उनके निवास पहुंचकर संवेदना जताई व परिजनों से मुलाकात की। सांसद ने कोरबा के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक सुरेशचंद्र रोहरा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके सिंधी गुरुद्वारा स्थित निवास पहुंचकर तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। सांसद ने कोरबा के युवा टेंट व्यवसायी राज अरोरा के निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके रातखार स्थित निवास पहुंचकर परिजनों को संबल प्रदान किया। इसी तरह सीएसईबी के सेवानिवृत्त बच्चू सिंह के भतीजे प्रियांशु सिंह के निधन पर अपनी गहरी संवेदना जताते हुए खरमोरा स्थित निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इन मौकों पर सूरज महंत, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पोषक दास महंत, किरण चैरसिया, सुनील जैन, कांग्रेस नेता संतोष राठौर, बीएन सिंह, श्रीमती सपना चैहान, श्रीमती प्रशांति सिंह, श्रीमती रूपा मिश्रा के अलावा अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## टाउनशिप के निकट पहुंचा हाथियों का दल, मचा हड़कंप



कोरबा, 21 अप्रैल। 39 हाथियों का दल अब कोरकोमा से आगे बढकर रजगामार व बाघमारा होते हुए बालको रेंज अंतर्गत बेला जंगल पहुंच गया है जो टाउनशिप से काफी नजदीक है। बड़ी संख्या में हाथियों के टाउनशिप के निकट पहुंच जाने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। वहीं वन अमला भी सतर्क हो गया है। लोगों को हाथियों के आने की सूचना देने के साथ ही मुनादी कराने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 13 हाथियों का दल पहले से बालको रेंज के माखुरपानी जंगल में विचरणरत है। 39 हाथियों के और आ जाने से अब बालको वन परिक्षेत्र में सक्रिय हाथियों की संख्या बढकर 52 हो गई है। दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से वन विभाग को निगरानी करने में दिक्कतें हो रही है। हालांकि इस काम में मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। बालको रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि हाथियों के दल ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। वन विभाग की कोशिश है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए। इसके लिए रणनीति पर काम किया जा रहा है जहां कोरबा वनमंडल में बालको टाउनशिप के निकट बड़ी संख्या में हाथियों का दल पहुंच गया है वहीं कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में 60 हाथी अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे हैं। जिनमें से 33 हाथियों की सक्रियता कोरबी सर्किल में बताई जा रही है। शेष हाथी एतमानगर व पसान के जंगलों में घूम रहे हैं।

**एक नजर**

### ट्रैक्टर पलटने से पोटा केबिन के चपरासी की मौके पर मौत

बीजापुर, 21 अप्रैल। रविवार की सुबह भैरमगढ़ ब्लाक के भटवाड़ा पोटा केबिन में कार्य रत चपरासी मनीराम मोडियाम अपने चार साथियों के साथ टेकटर लेकर पास के जंगल जलाऊ लकडी लेने गया हुआ था इसी दौरान लकडी से भरी टेकटर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस मे दबकर मनीराम की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अधिकक्ष के कहने पर लकडी लेने जंगल गए थे तभी यह हादसा हो गया अब इस घटना मे किसकी लापरवाही है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है जिम्मेदार कुछ भी कहने से बच रहे है।

### सांसद ज्योत्सना महंत ने कांग्रेस नेता सुनील जैन को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया

कोरबा, 21 अप्रैल। लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत ने ऊर्जा विभाग से संबंधित जनहित के मामलों के लिए श्री सुनील जैन को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी अनुपस्थिति में जनसरोकारों से जुड़े विषयों के समाधान और समन्वय के उद्देश्य से की गई है। सांसद महंत ने दिनांक 17 अप्रैल 2025 को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि श्री सुनील जैन, पिता श्री जसराज जैन, निवासी पुराना बस स्टैंड, कोरबा को उनके स्थान पर नियुक्त किया जा रहा है ताकि वे ऊर्जा विभाग से जुड़े मामलों में जनता की समस्याओं और मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा सकें। इस संबंध में सीएसपीजीसीएल, डीएसपीएम, अडानी पावर लिमिटेड, बालको कैप्टिव पावर प्लांट, सीएसपीडीसीएल तुलसी नगर तथा पावर ग्रिड भैसमा के प्रमुख अधिकारियों को प्रतिलिपि भेजी गई है। निर्देश दिए गए हैं कि वे जनहित से जुड़ी शिकायतों और मामलों में श्री सुनील जैन से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करें।

### कटघोरा में 4.90 लाख तो पाली थाना क्षेत्र में लगभग 10 लाख की चोरी

कोरबा, 21 अप्रैल। जिले में चोरी की दो बड़ी घटना के घटित होने से यहां सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र और कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए कुल लगभग 15 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा हैं की पाली थाना क्षेत्र में चोरों ने जायसवाल परिवार के मकान से 5 लाख रुपये नकद और लगभग 5 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। जायसवाल परिवार के लोग मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे वहीं छोटा भाई बाहर घूमने गया हुआ था, वही कटघोरा क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर से 4.90 लाख रुपये की चोरी की। बताया जा रहा है कि कटघोरा निवासी राकेश पांडेय का पूरा परिवार भी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था, तभी चोरों ने घर को निशाना बना लिया। जब सफाई करने के लिए एक महिला घर पहुंची, तो उसने दरवाजे का टूटा हुआ ताला देखा और चोरी की सूचना परिजनों को दी। उक्त घटनाओं के बाद कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक ने दोनों मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को भी जांच में लगाया गया है। लगातार घटित हो रही घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

**कोरबा कोल फील्ड का काला सच**

# एलाऊ से स्टीम तक वसूली का खेल, कई स्तर पर है नजराना, शुकराना और हर्जाना का चलन

कोरबा, 21 अप्रैल। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के कोरबा प्रवास के बाद कोरबा कोल फील्ड पर चढ़ा आवरण परत -दर- परत उतरने लगा है। पर्दे के पीछे चल रहे खेल से रूबरू होकर कोई भी हतप्रभ रह जाएगा। कोरबा की कोयला खदानों में कदम - कदम पर रिश्वतखोरी और अवैध वसूली का खेल चल रहा है। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने इस खेल की विस्तृत जानकारी केंद्रीय कोयला मंत्री को दी है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर की कोयला खदानों से दो तरह से कोयला का वितरण किया जाता है। पहला कुछ उद्योगों को लिंकेज आक्शन ( एफएस ए ) में कोयला दिया जाता है। दूसरा स्पॉट आक्शन के जरिए कोयले का विक्रय किया जाता है। लिंकेज आक्शन में केवल उद्योग को कोयला दिया जाता है जबकि स्पॉट आक्शन में कोई भी व्यक्ति कोयला क्रय कर सकता है। आक्शन के बाद दोनों वर्ग के कोयला क्रेताओं को कंपनी हेडक्वार्टर से डिलेवरी आर्डर (डी ओ) दिया जाता है, जिसे निर्दिष्ट कोयला खदान में प्रस्तुत करने पर क्रेता को कोयला प्रदान किया जाता है। रिश्वतखोरी और अवैध वसूली का खेल यहीं से शुरू हो जाता है।

कोल फील्ड के जानकारों के हवाले से बताया गया है कि कोयला खरीददार जब डी ओ लेकर खदान में पहुंचता है तो



सबसे पहले उसे ष्एलाऊ फीसष् देना पड़ता है। यह फीस 10 रुपए प्रति टन है। आपने एडवांस पेमेंट देकर कोयला खरीदा है, मगर कोयला आपको एलाऊ फीस भरने के बाद ही मिलेगा। वरना आप चक्कर काटते रह जाएंगे और कोयला उठाने की समय सीमा समाप्त हो जाएगी। यानी आपका कोयला लेफ्स हो जाएगा।

इसके बाद क्रेता को कोयला प्रदान किया जाता है। क्रेता को आर ओ एम (रनिंग ऑफ माइंस) यानी खदान से जैसा कोयला फेस में पहुंचा है, वैसा ही दिए जाने का नियम है। लेकिन कोयला खरीददार यहां पर अच्छा कोयला उठाने की सुविधा चाहता है। वह आर ओ एम की जगह स्टीम लेना चाहता है। पहले स्टीम उठाने के लिए कोयला खदान के फेस में सैकड़ों मजदूर इकट्ठा होते थे और हाथों से स्टीम चुन चुन कर ट्रकों में लोड करते थे। लेकिन अब लोडर से स्टीम उठाकर वाहनों में लोड किया जाता है। इस सुविधा के लिए कोयला खरीददार को अधिक नहीं, केवल 50 से 60 रुपए प्रति टन सेवा शुल्क का भुगतान करना पड़ता है, जो क्रेता खुशी खुशी के देता है। इसके बाद वह चुनकर स्टीम कोयला उठा लेता है। फेस में रह जाता है स्लैक कोयला का चुरा, जिसमें खदान से कोयला के साथ निकला मिट्टी, पत्थर आदि शामिल होते हैं ऐसे स्लैक को सेवा शुल्क नहीं देने वालों के मत्थे मढ़ दिया जाता है।

जानकार सूत्र इस बात की तस्दीक करते हैं कि खुले बाजार में कोयला बेचने वाले पेशेवर स्टीम उठाते हैं। फिर यह स्टीम कोयला कटनी, सतना और वाराणसी कोयला मंडी ले जाया जाता है, जहां यह ऊंची कीमत पर बिकता है। लेकिन मंडी पहुंचने से पहले इस पर कुछ और व्यय करना पड़ता है। सूत्र बताते हैं कि कोयला खदानों के फेस में राज्य सरकार की एक एजेंसी का नुमाइंदा अवैध रूप से पूरे समय विचरण करता रहता है। वह ऐसे सभी ट्रकों की सूची बनाता है, जो स्टीम सुविधा का लाभ लेते हैं। ऐसे ट्रक खदान से बाहर आते हैं तो उनसे एक सौ (100) रुपए प्रति टन का नजराना लिया जाता है। कोरबा जिले में यह राशि प्रति वर्ष करोड़ों में होती है। बावजूद इसके नजराना, शुकराना, हर्जाना पर थीं विराम नहीं लग जाता। फिर रास्ते में सड़क शुल्क भी जगह जगह देना होता है, तब जाकर स्टीम अपनी मंजिल अर्थात कोयला मंडी तक पहुंच पाता है।

स्टीम के इस खेल में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं उद्योग। क्योंकि उन्हें बड़ी मात्रा में कोयले की आवश्यकता होती है और समय सीमा के भीतर पूरी मात्रा का परिवहन करना होता है।

अन्यथा उनका कोयला लेफ्स हो जाने पर प्लांट का संचालन प्रभावित हो सकता है। लिहाजा जो है, जैसा है, मिट्टी, पत्थर, स्लैक सब कुछ उठाकर ले जाना उनकी मजबूरी हो जाती है। इसके अलाव भी कोरबा जिले की कोयला खदानों में कई काले कारनामों को अंजाम दिया जा रहा है।

## आइसक्रीम फैक्ट्री को किया सील

कोरबा, 21 अप्रैल। कोरबा अंचल के निहारिका क्षेत्र अंतर्गत चैपाटी के पास संचालित आइसक्रीम फैक्ट्री के विरुद्ध मिली शिकायत के आधार पर नगर निगम और श्रम विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए उसको सील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जाँच के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में एक 17 साल का नाबालिग भी काम कर रहा था। इस मामले में बाल श्रमिक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण बनाया गया है। अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया है और इसे न्यायालय में प्रकरण लगाया जाएगा। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वंसत द्वारा नियमों का उलंघन करने वाले फैक्ट्री के विरुद्ध शिकायत मिलने तथा अन्य समय पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान लापता हुए बुजुर्ग की परिजन अब भी तलाश कर रहे हैं

कोरबा, 21 अप्रैल। कोरबा जिले में बालको के पूर्व कर्मचारी भरतलाल निर्मलकर 7 फरवरी 2025 से लापता हैं। वह अपनी कुछ लोगो के साथ महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। रात में सोते समय वह अचानक लापता हो गए। भरतलाल बड़ापारा बालको के निवासी हैं और उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष है। जानकारी के अनुसार, भरतलाल लंबे समय से महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे और आखिरकार 6 फरवरी को भी वह प्रयागराज के लिए रवाना हुए। उनके साथ लगभग 12-13 लोग थे और वे सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचे। भरतलाल की बेटी ने बताया कि समूह 6 फरवरी की शाम को प्रयागराज पहुंचा और त्रिवेणी संगम से अलग घाट पर स्नान किया। भोजन करने के बाद सभी लोग कैंप साइट पर सोने चले गए। रात में लगभग 2 बजे उनके पिता शौच के लिए गए और वापस नहीं लौटे। जब रिश्तेदारों को उनकी अनुपस्थिति का पता चला, तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों में इस बार जगी दोगुनी आमदनी की उम्मीद

कोरबा, 21 अप्रैल। तेज कडकती धूप में कड़ी मेहनत कर तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाले ग्रामीणों को इस बार दोगुनी कीमत मिलेगी। प्रति मानक बोरे की सरकारी दर 5,500 रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी के दौरान कोरबा वन मंडल के 36 समितियों में लेमरू और विमलता के तेंदूपत्ता 11 हजार रुपये प्रति मानक बोरी के दर से बिके है। अधिक दर पर पत्तों की खरीदी का सीधा लाभ तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा। सरकारी दर की तुलना में उन्हें दोगुना दाम मिलेगा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता सोने जैसा है। कोरबा के घने और समृद्ध जंगलों में जो तेंदूपत्ता मिलता है, उसकी क्वालिटी के कारण उसकी मांग देश भर में रहती है। मार्च के पहले सप्ताह में वन विभाग समितियों के माध्यम से शाख की कटाई-छटाई यानि की शाख कर्तन किया है। इसके दो माह बाद मई में पौधों में नए कोमल पत्ते निकल आएंगे। यह पत्ता बीड़ी उद्योग के लिए उपयोगी होता है। संग्रहण कार्य से जुड़े अकेले कोरबा वन मंडल के 48 हजार वनवासी परिवारों को इस वनोपज से लाभ मिलता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने साल 2023 में तेंदूपत्ता का सरकारी दर 5000 रूपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की था। वर्ष 2024 में इसे बढ़ाकर 5,500 रूपये किया गया है। शासन ने इस दर को 2025 के लिए भी यथावत रखा है। कोरबा वनमंडल को 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। तेंदूपत्ता संग्रहण से पूर्व शाख कर्तन सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एक मई के आसपास अधिकांश फड़ों में तेंदूपत्ता संग्रहण और खरीदी का कार्य



शुरू किया जाएगा। नीलामी में कई समितियों को दोगुना लाभ मिलेगा। लेमरू समिति के लिए 11000 रुपए तक बोली लगाई गई है। एक और जहां कोरबा जिला की पहचान औद्योगिक नगरी के रूप में की जाती है, तो दूसरी तरफकोरबा के समृद्ध जंगल भी काफी खास हैं। जिले का करीब 60 फीसदी हिस्सा वनों से आच्छादित है, जहां उगने वाले तेंदूपत्ते की मांग छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के कई राज्यों में हैं। उल्लेखनीय हैं की लेमरू वन परिक्षेत्र हाथी रिजर्व के लिए चिन्हांकित है। अनुकूल वातावरण की वजह से यह क्षेत्र हाथियों का रहवास भी है इसलिए कोरबा में तेंदूपत्ता संग्राहक हाथियों के खतरों से बचकर तेंदूपत्ता संग्रहण का काम करते हैं। लेमरू वन परिक्षेत्र हाथी रिजर्व के लिए चिन्हांकित है। यह क्षेत्र हाथियों की रिहायश के लिए सबसे बेहतर माना जाता है, कोरबा में हाथियों की निगरानी की जाती है। जिस समिति के आसपास हाथी मंडराते हैं। वहां खतरा कम होने तक तेंदूपत्ता संग्रहण का काम बीच-बीच में रोका भी जाता है। तेंदूपत्ता की खरीदी 1 मई से कोरबा में शुरू हो जाएगी।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर मितानिनों ने भी खोला मोर्चा-आंदोलन हुआ तेज



कोरबा, 21 अप्रैल। जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधीन काम करने वाली मितानिनों का आंदोलन तेज हो गया है। उन्होंने घंटाघर ओपन थिएटर में मितानिन संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया। मितानिनों का कहना है कि उनकी चार सूत्रीय मांगे हैं। जिनके लिए वह आंदोलन कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले मोदी की गारंटी के रूप में उनसे दो वादा किया गया था वो सरकार बनने के सालभर बाद भी पूरा नहीं हुआ। इस वजह से उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा है। मितानिनों ने मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन करने घंटाघर पहुंची मितानिनों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की कई योजनाओं का क्रियान्वयन उनके माध्यम से ही धरातल पर होता है। इसके बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम 22 वर्षों से संचालित है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी उन्होंने काम किया, लेकिन उसके बदले उन्हें किसी भी तरह का लाभ नहीं दिया गया। मितानिनों ने कहा कि मुख्यमंत्री से हमारी मांग है कि हमारे चार मांगों को पूरा किया जाए। जिसमें हमारे मेहनताना में 50 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना प्रमुख है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की गाइड लाइन के तहत ही हमसे काम लिया जाए। चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिले की मितानिन आंदोलन कर रही है। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने बताया कि मितानिनों ने धरना प्रदर्शन कर हड़ताल किया है। इनकी चार सूत्रीय मांग है।

**मुर्शिदाबाद में जारी हिंसा की घटनाओं का विरोध**

# ममता बनर्जी की निकाली शवयात्रा, जलाया पुतला

कोरबा, 21 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जारी हिंसक घटनाओं के कारण हिंदुओं को भारी भरकम नुकसान हुआ। सबसे शर्मनाक स्थिति यह रहेगी पुलिस की मौजूदगी में इस प्रकार की घटनाएं हुई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीपी घोष ने इलाके का निरीक्षण करने के साथ प्रभावितों से बातचीत की जिसमें सच्चाई सामने आई। कोरबा में विश्व हिंदू परिषद ने मुर्शिदाबाद कांड को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शव यात्रा निकाली और नेताजी सुभाष चैराहे पर पुतला दहन किया।

प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच से संबंधित कार्यकर्ता शामिल हुए। वे अपने साथ प्रतीकात्मक शव लेकर चल रहे थे। रास्ते भर पूरे मामले को



लेकर नारेबाजी की गई। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस के कर्मी भी साथ में चल रहे थे। शाम 6 बजे नेताजी सुभाष चैराहा पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद पुतला जलाया गया। इससे पहले संगठन के पदाधिकारी ने मामले को लेकर बात रखी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की तुष्टिकरण की नीति को लेकर जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन के साथ घोषणा की गई कि अगर ऐसे हालात नहीं थमे तो देश भर के हिंदू समुदाय को अपने स्तर पर मोर्चा खोलना पड़ेगा।

**राष्ट्रपति शासन की जरूरत :** पश्चिम बंगाल में जिस प्रकार के हालात निर्मित हो रहे हैं, उससे राष्ट्रपति शासन की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तुष्टिकरण के चक्कर में जो चश्मा पहन रखा है उसमें उन्हें वास्तविकता नजर नहीं आ रही है। मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा शांति की अपील कुल मिलाकर ढकोसला है।

**इतिहास माफ नहीं करेगा:** हिंदू संगठन के प्रतिनिधि राज नारायण गुप्ता ने पश्चिम बंगाल में हाल के प्रदर्शन और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी को लेकर कहा की इतिहास कभी भी उन्हें माफ नहीं करेगा। लोगों की नजर में बनर्जी की पहचान एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित हो चुकी है जो वोट बैंक के चक्कर में हिंदुओं के हितों के बारे में ना तो सुनना पसंद कर रही हैं और ना ही देखना।

# बीमारी से परेशान नवविवाहिता की फंदे में लटकी मिली लाश

## बच्चो को छोड़ा था पड़ोसी के घर

कोरबा, 21 अप्रैल। जिला में मानिकपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 29 मुड़ापार निवासी 26 वर्षीय नवविवाहिता महिला की फंदे पर लटकी लाश मिली हैं। घटना की सूचना पर मानिकपुर चैकी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया। बताया जा रहा है कि मुड़ापार में निवासरत व्यक्ति रोजी मजदूरी कर अपनी पत्नी और दो बच्चों का भरण पोषण कर रहा था। सुबह के वक्त जब वह काम पर निकला तो उसके बाद उसकी पत्नी, 5 वर्षीय बेटी और 11 माह का बेटा घर पर थे। बताया जा रहा हैं की उसकी पत्नी ने अपने दोनों बच्चों को पड़ोस में रहने वाली अपने एक सहेली के घर छोड़कर वापस घर आयी जहां काफी समय बीत जाने के बाद भी जब अपने बच्चों को लेने के लिए नहीं गई, तब उसकी सहेली दोनों बच्चों को लेकर उसके घर गई तो देखा कि दरवाजा नहीं खोल रही है जब खिड़की से झांक कर देखी तो फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। जिसके बाद आसपास लोग एकत्रित हुए और इसकी सूचना तत्काल मानिकपुर चैकी पुलिस और उसके पति को दी गई। सूचना मिलते ही मानिकपुर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची, क्योंकि मामला नवविवाहिता से जुड़ा हुआ था इसलिए मौके पर नायब तहसीलदार दीपक पटेल के समक्ष शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए आगे की कार्यवाही की गई। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को भी मौके पर बुलाया और उनका भी बयान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 1 साल से उसकी तबीयत खराब थी और वह खून की कमी से जूझ रही थी। मृतिका के पति ने भी पुलिस को बयान दिया है कि उसकी पत्नी की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब रहती थी और खून की कमी थी जिसका इलाज जिला मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। मानिकपुर चैकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि तहसीलदार के द्वारा बयान दर्ज किया गया है।

# दलित महिला ने खून से लिखा महामहिम राष्ट्रपति को पत्र

## क्या अब तंत्र जागेगा या न्याय का सपना हमेशा के लिए टूट जाएगा?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद/छुरा, 21 अप्रैल।** 70 वर्षीय दलित महिला ओमबाई बघेल ने जब न्याय के हर दरवाजे खटखटाकर भी सुनवाई नहीं पाई, तब उन्होंने जो किया, वह छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लोकतंत्र को एक गहन आत्ममंथन के लिए विवश कर देने वाला कदम है। उन्होंने अपने खून से भारत के महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने पूर्वजों की समाधि (मठ) को बलपूर्वक तोड़े जाने, परिवारजनों के साथ अपमानजनक व्यवहार, और न्याय न मिलने की पीड़ा को व्यक्त किया है।

**जब कोई नहीं सुनता, तब खून गवाही देता है : ओमबाई बघेल** – टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझती ओमबाई बघेल ने बताया कि उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी तक कई बार आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनकी पीड़ा में न केवल व्यक्तिगत अपमान की वेदना है, बल्कि यह उस दलित समाज के आत्म-सम्मान की भी गूंज है, जो आज भी सामाजिक अन्याय के विरुद्ध अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है। यह सिर्फ़ एक शिकायत नहीं, संविधान के प्रति एक पीड़ित नागरिक की आस्था की अंतिम पुकार है। ओमबाई बघेल ने न तो कानून की मर्यादा को तोड़ा, न ही उग्रता का सहारा लिया उन्होंने उस सबसे पवित्र अस्त्र को उठाया, जिसे सदियों से शोषित वर्ग ने न्याय की अंतिम आशा समझा : संविधान और उसकी सर्वोच्च संस्थाओं पर विश्वास।

**प्रशासन और शासन से अब केवल जवाब नहीं, जिम्मेदारी की अपेक्षा है**

» दलितों की धार्मिक आस्था को रौंदने की घटनाओं पर त्वरित संज्ञान क्यों नहीं लिया गया?
» महिलाओं और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
» जब एक वृद्ध दलित महिला खून से पत्र लिखने को विवश हो जाती है, तो क्या यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिन्ह नहीं है?

**अब समय है : संवैधानिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का :** यह घटना एक चेतावनी है कि यदि संवेदनशीलता और न्यायप्रियता का स्थान उपेक्षा ले लेती है, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ जाती है। ओमबाई बघेल का खून से लिखा पत्र सिर्फ़ एक महिला की चीख नहीं यह उस व्यवस्था के प्रति आखिरी विश्वास की पुकार है, जिसे अब जवाब देना ही होगा।

समाचार संक्षेप

## राजस्व मंत्री ने सपरिवार मां कामाख्या देवी के दर्शन किए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व खेल कूद मंत्री तल टंक राम वर्मा इन दिनों परिवार के साथ प्रदेश से बाहर है मंत्री ने असम के गुवाहाटी में स्थित जगत जननी शक्तिपीठ माँ कामाख्या देवी मंदिर में सपरिवार माँ कामाख्या के दिव्य दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माँ कामाख्या की अलौकिक ऊर्जा से मन को अद्भुत शांति और शक्ति की अनुभूति हुई। माँ कामाख्या सभी प्रदेशवासियों को सुख-शांति, समृद्धि और सम्पन्नता से परिपूर्ण रखें, यही कामना है।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से की भेंट:** मंत्री टंक राम वर्मा ने



अपने परिवारजनों के साथ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका जी एवं उनकी धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी के गुवाहाटी (असम) स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की।

**महाकाल के किया दर्शन:** मंत्री टंक राम वर्मा ने सपरिवार मध्यप्रदेश के उज्जैन में बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

एक नजर

### जल संचय महाभियान 15 मई तक, हर पंचायत में जल संचयवाहिनी का होगा गठन

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल के सदुपयोग तथा वर्षा जल संचय के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में 18 अप्रैल से 15 मई तक जल संचय महाभियान चलाया जा रहा है। महाभियान की शुरुआत कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम पंचायत अर्जुनी से की है। इस महाभियान में जिले के सभी 519 ग्राम पंचायतों में 20 अप्रैल तक जल संचय वाहिनी का गठन स्व सहायता समूहों का चयन कर किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को जल संचय वाहिनी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रशिक्षण, 22 से 25 अप्रैल तक सभी नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, 25 अप्रैल को सभी पंचायतों में ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक, 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रातःकाल में श्रमदान कर तालाबों की सफाई, वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण, 30 अप्रैल को स्कूल आंगनबाड़ी एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में जल संचयन सामूहिक शपथ, 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर मनरेगा श्रमिकों द्वारा जल संचयन की शपथ, पंचायत स्तर पर तालाब सफाई में श्रमदान करने वाले नागरिकों का सम्मान, 5 मई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपम्प एवं पेयजल स्रोत का जल शुद्धता परीक्षण, 6 से 9 मई तक जल चौपाल आयोजित कर जल शुद्धता एवं उपलब्धता पर चर्चा, 10 से 15 मई तक आगामी वर्षा ऋतु हेतु वर्षा का पानी संचय करने के लिए आवश्यक निर्माण पर चर्चा एवं जल संचय हेतु निर्मित संरचनाओं का ग्रामीणों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### सीधापाठ में पेयजल योजना का दुरुपयोग करने का आरोप

**कोरबा, 21 अप्रैल।** जिले के ग्राम पंचायत कराईनारा अंतर्गत ग्राम सीधा पाठ में सरकार द्वारा खनिज न्यास मद से संचालित पेयजल सुविधा विस्तार कार्य का दुरुपयोग करने की शिकायत की गयी हैं। जानकारी के अनुसार आरोप लगाते हुए कहा जा रहा हैं की एक ग्राम निवासी द्वारा इस शासकीय बोर का उपयोग व्यक्तिगत रूप से किया जा रहा है, जो कि जनहित में संचालित इस योजना के उद्देश्यों के विपरीत है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीणों को स्वच्छ और सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, परंतु इसका निजी लाभ के लिए उपयोग किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष की भावना उत्पन्न हो गई है। उक्त मामले की जानकारी मिलते ही जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### पोषण पखवाड़ा पर किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरबा, 21 अप्रैल।** आईसीडीएस के द्वारा जिले में पोषण पखवाड़ा पर विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सीतामणी सेक्टर के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सेक्टर सुपरवाइजर स्वाति राठौर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर गर्भवती व शिशुवती महिलाओं, उनके पति, किशोरी बालिकाओं को पोषण सम्बन्धी जानकारी देने के साथ एनीमिया (रक्त की कमी) से निपटने के प्रति भी जानकारी दी गई। इसी क्रम में शनिवार को बहू सम्मेलन की तर्ज पर पति-पत्नी सम्मेलन का आयोजन किया गया। गर्भावस्था के दौरान देखभाल-पोषण की जानकारी देते हुए बच्चों के 2 वर्ष आयु होने तक 1000 दिवस की जानकारी दी गई। स्तनपान का महत्व बताया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पुरानी बस्ती 4 में भी कार्यक्रम हुए। सही जवाब देने वाले पुरस्कृत हुए। बताया गया कि पोषण पखवाड़ा 2025 बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिनों पर केंद्रित है, क्योंकि यह बच्चे के विकास के लिए बेहद अहम वक्त होता है।

# रामदूत इस्पात संयंत्र में घायल मजदूर को मिला न्याय योगेन्द्र बघेल के संघर्ष से मिली 6 लाख की सहायता राशि

## मजदूर भुवन बंजारे को संघर्ष के बाद मिला इंसाफ, संयंत्र प्रबंधन को झुकना पड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 21 अप्रैल।** इंसाफ की राह भले ही कठिन हो, पर जब संघर्ष सच्चाई के साथ होता है, तो बड़ा से बड़ा अहंकार भी चकनाचूर हो जाता है। तिल्दा के समीप रामदूत इस्पात प्राइवेट लिमिटेड संयंत्र में कार्यरत मजदूर भुवन बंजारे के साथ घटी त्रासदी और उसके बाद हुआ संघर्ष आज एक मिसाल बन गया है।

### दर्दनाक दुर्घटना का दिन

दिनांक 3 मार्च 2024 को संयंत्र में कार्य करते समय भुवन बंजारे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। साथी मजदूरों ने उन्हें मोटरसाइकिल से तिल्दा अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने उन्हें रायपुर रेफर किया। इलाज के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वे अपने दाहिने हाथ से आजीवन अपंग हो गए हैं।

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ संयंत्र प्रबंधन से बार-बार गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार आश्वासन मिला, अपमान झेलना पड़ा और निराशा हाथ लगी। जब सारी उम्मीदें टूट चुकी थीं, तब भुवन ने भारतीय जनता ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश सचिव एवं नव निर्वाचित सरपंच



प्रतिनिधि योगेन्द्र बघेल से संपर्क किया।

### शुरू हुआ न्याय का संघर्ष

योगेन्द्र बघेल ने इस मामले को गंभीरता से लिया और स्थरू कार्यालय व स्थानीय थाने में आवेदन प्रस्तुत किया। लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो उन्होंने संगठित आंदोलन की राह पकड़ी। इस आंदोलन ने प्रशासन और संयंत्र प्रबंधन को हिला कर रख दिया।

### संघर्ष की जीत मिला मुआवजा

लगातार संघर्ष और दबाव के परिणामस्वरूप आज दिनांक 19 अप्रैल 2025 को संयंत्र प्रबंधन ने भुवन बंजारे को 6 लाख रुपये का मुआवजा चेक सौंपा और 60 वर्ष की आयु तक मासिक पेंशन भुगतान की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक जीत है जो संगठित आवाज़ और नेतृत्व की ताकत को दर्शाती है।

### इनका रहा विशेष योगदान

इस न्याय के संघर्ष में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र साहू और कुंदरु सरपंच यशवंत वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य तुलसी राम गौतम, एवं जलसों नकटी सरपंच योगेंद्र बघेल उप सरपंच दिनेश वर्मा, खमहरिया सरपंच प्रतिनिधि अरविन्द खत्री, पंच आनंद बंजारे, अरविंद बंजारे, पिंटू साहू दीपक यादव इत्यादि ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। उन्होंने हर मोर्चे पर समर्थन देकर मजदूर के हक की लड़ाई को मजबूती दी।

### संगठित आवाज़ ही है असली ताकत

भुवन बंजारे की कहानी न केवल एक मजदूर को मिला न्याय है, बल्कि यह एक प्रेरणा है उन सभी के लिए जो अन्याय के आगे झुक जाते हैं। योगेन्द्र बघेल और उनकी टीम ने यह साबित कर दिया कि जब जनता संगठित होती है, तो कोई भी व्यवस्था जवाब देने को मजबूर हो जाती है।

## ब्लेड से हमला कर जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** प्रार्थी शंकर यादव निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 18 अप्रैल के रात्रि करीबन 10.15 बजे वह गार्डन चौक में खड़ा था, जहां पर पूर्व से बैठे आरोपी टेकराम ध्रुव द्वारा प्रार्थी को देखकर गाली गलौज करते हुए, आवेश में आकर जान से मारने की धमकी देकर, हाथ मुक्का एवं धारदार ब्लेड से मारपीट किया है, जिससे प्रार्थी के गले, चेहरा, पेट एवं आंख के नीचे चोंट आया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 381/2025 धारा 296, 351(2), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी टेकराम ध्रुव उर्फ भोला को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए, ब्लेड से



■ **आरोपी ने गार्डन चौक बलौदाबाजार में पुराने विवाद की बात को लेकर प्रार्थी से की थी मारपीट**

उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया है।

प्रकरण में आरोपी को 20 अप्रैल को गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम टेकराम ध्रुव उर्फ भोला ध्रुव (23) निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली है।

# गांजा की तस्करी और बिक्री करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर उसे बिक्री करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर 19 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा कृषि उपज मंडी के पास पनगांव-खैंदा रोड में घेराबंदी कर, बिक्री करने के लिए मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी एवं उसके मोटरसाइकिल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी के मोटरसाइकिल के पीछे सीट में रबर तार से बंधा हुआ दो प्लास्टिक बोरी में अलग-अलग पैकेट बना हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी



कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 34 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?4, 76, 000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्र. CG22 Z 6757 भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली मे अपराध क्र. 384/2025 धारा 20B NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपी का नाम आकाश कुर्रे उम्र 20 साल निवासी खोरसी नाला पनगांव थाना सिटी कोतवाली है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर की गई सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे 19 अप्रैल को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, चलने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 24 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 7200 समन शुल्क वसूला गया है। इस वर्ष 2025 में दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले कुल 3038 प्रकरण में 8, 84, 400 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

# सुशासन तिहार:दूसरे चरण में आवेदनों पर की जा रही कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 21 अप्रैल।** सुशासन तिहार का असर दिखने लगा है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों जनकल्याणकारी योजना सुशासन तिहार 2025 के प्रति शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिला कलेक्टर रायपुर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल नगर एवं पंचायत स्तर पर आयोजित किए गए जिसमे काफी आवेदन प्राप्त हुए वहीं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही है।

सुसाशन तिहार में तिल्दा अंतर्गत ग्राम पंचायत निनवा में अवैध अतिक्रमण का आवेदन ग्रामीणों ने दिया था जिसे त्वरित कार्रवाई कर कब्जा मुक्त कर संकरी होती गलियों से ग्रामीणों को तत्काल राहत





दिलाया गया। यह कार्यवाही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर गौरव सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम आशुतोष देवांगन और तहसीलदार ज्योति मसियारे ने किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का आभार जताया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202504092100011 अ /62 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सचिन अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी पटेल वार्ड नंबर 17, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम डोंगरगढ़, प.ह.नं. 25, तहसील डोंगरगढ़, खसरा क्रमांक 618/1 रकबा 0.4210 हे. भूमि स्थित है, उक्त भूमि में 02 नग सागौन के वृक्ष स्थित है। आवेदक द्वारा 02 नग सागौन वृक्ष को काटने की अनुमति हेतु निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ, बी-1, खसरा, नक्शा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को अगर कोई दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी 23/04/2025 के पूर्व अपना दावा अपत्ति इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या वकील, मुख्यतार के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़**

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक रितेश कुमार साहू आ. श्री प्यारे लाल साहू, उम्र 39 वर्ष, जाति तेली, निवासी शिकारीपारा बालोद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका लीना साहू आ. श्री अनिरूद्ध सिंह, उम्र 37 वर्ष, जाति तेली, निवासी जवाहरपारा बालोद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12/05/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि 12/05/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

**नपा अध्यक्ष ने दी ईस्टर की शुभकामनाएं, प्रार्थना सभा में हुए शामिल**

# ईस्टर पर गणेशपुर और विश्रामपुर चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 अप्रैल।** रविवार 20 अप्रैल को प्रभु यीशु के अनुयायियों ने ईस्टर के मौके पर अनेक तरह से अपनी आस्था प्रभु यीशु के प्रति प्रकट की। इस मौके पर भाटापारा नगर से लगे गणेशपुर और विश्रामपुर में स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। ईसाई समाज के आमंत्रण पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए इस दिन को पुनरुत्थान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा ईस्टर का संदेश सिर्फ ईसाई धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अवसर नयी आशा के साथ प्रेम, सच्चाई और शांति की सीख देता है।

गौरतलब है कि ईस्टर ईसाई धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे गुड फ्राइडे के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस साल गुड फ्राइडे 18 अप्रैल को थी और ईस्टर रविवार 20 अप्रैल 2025 को मनाया गया. यह पर्व प्रभु यीशु के बलिदान के बाद उनके पुनर्जन्म और पुनरुत्थान का प्रतीक है, जिसे दोगुनी खुशी के साथ मनाया जाता है। मान्यता है



कि ईस्टर संडे के दिन प्रभु यीशु पुनःजीवित हो गए थे और 40 दिन तक पृथ्वी पर रहकर उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम, दया, क्षमा, मानवता और करुणा का पाठ पढ़ाया था, इसके बाद वे वापिस स्वर्ग लौट गए थे। ऐसे में ईस्टर के मौके पर देशभर सहित भाटापारा नगर के नजदीक गणेशपुर एवं विश्रामपुर स्थित चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के अनुयायी जुटे। समाज के पदाधिकारियों के आमंत्रण पर नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा भी प्रार्थना सभा के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रभु यीशु के संदेश और ईस्टर पर बात करते हुए कहा कि, ईस्टर हमें सिखाता है कि चुनौतियों के बाद उम्मीद की नई किरण जागती है साथ ही यह अवसर सभी समुदायों के बीच शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि वे नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले हर समुदाय और समाज के लोगों को समान रूप से ध्यान में रखकर योजनाएं बना रहे हैं और काम कर रहे हैं।

नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर विकास में हर समुदाय की सहभागिता की भी अपील की। इस शुभ अवसर पर पूर्व सरपंच अमित दास, अभिषेक दास, विकास पॉल एवं सुभाष हेनरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### घर से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** चौबे कालोनी दशहरा मैदान स्थित घर से अज्ञात चोर ने 2 नग गैस सिलेण्डर, 2 बाल्टी और एसी का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चित्रांश तिवारी 33 वर्ष चौबे कालोनी दशहरा मैदान का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके मकान में पाइप के सहारे बालकनी में चढ़ा और बालकनी में रखे 2 नग गैस सिलेण्डर, 2 बाल्टी और एसी का सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 56 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी उमेश साहू 35 वर्ष, मनीष साहू 25 वर्ष और प्रवीण देवांगन 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 56 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह-मुख्यमंत्री विष्णुदेव की आज महत्वपूर्ण बैठक

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली प्रवास पर हैं। बताया गया कि आज उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महत्वपूर्ण बैठक होनी है. यह बैठक भारतीय न्याय संहिता को लेकर हो रही है. बता दें कि इस अहम बैठक में बीएनएस के तहत अब तक की गई कार्रवाई के साथ-साथ ही धाराओं में आने वाली दिक्कतों को लेकर भी समीक्षा की जाएगी. गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता के लागू होने के बाद से देशभर में इसके विभिन्न प्रावधानों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं.

### ज्वलनशील पदार्थ के साथ 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मंदिरहसौद पुलिस ने अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ रखने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास भारी मात्रा में पेट्रोल, डीजल व एथेनाल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने पहले मामले में इंद्रा कालोनी नकटा में दबिश देकर आरोपी नोहर रात्रे 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 33 नग प्लास्टिक ड्रम में भरा 6600 लीटर पेट्रोल और 7 ड्रम एथेनाल जब्त किया है।

## छत्तीसगढ़ में गरमाई सियासत

# भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

■ पूर्व सीएम भूपेश बघेल का तीखा पलटवार



**रायपुर, 21 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में कांग्रेस के मुख्यमंत्री निवास घेराव प्रदर्शन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने जहां कांग्रेस के प्रदर्शन को जिंदा रहने की कोशिश बताया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्राकर को दूध में पड़ी मक्खी करार दिया।

**चंद्राकर का कांग्रेस पर हमला: जिंदा रहने की कोशिश कर रही है कांग्रेस**-अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के प्रदर्शन को महज एक 'राजनीतिक नौटंकी' करार देते हुए कहा, कांग्रेस को ज़िंदा रहना और ज़िंदा दिखना भी है, इसके लिए ये सब उपक्रम हैं। मेरी सहानुभूति कांग्रेस की कोशिशों के साथ है। विपक्ष की भूमिका निभाते रहें। उन्होंने प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की गैरहाज़िरी पर भी सवाल उठाया और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भुवनेश्वर दौरे का ज़िक्र करते हुए कहा, जिन्हें आप बड़े नेता मानते हैं, वो हैं ही नहीं। परिवारवादी पार्टियों में मुखिया ही नेता होते हैं, जननेता कोई नहीं। संविधान बचाओ अभियान पर चंद्राकर ने कांग्रेस से पूछा, अपने कार्यकाल में कितनी बार संविधान में संशोधन किया।

आपातकाल किसने लगाया मानव अधिकारों को सस्पेंड किसने किया। अंबेडकर जी के प्रति अचानक उमड़ा प्रेम क्यों जन जागरण अभियान और वक्फ बोर्ड संशोधन पर उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, जब भी देश में कोई नवाचार होता है, कुछ लोग 'भेड़िया आया भेड़िया' चिल्लाने लगते हैं। कांग्रेस का एजेंडा राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है, जबकि नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है विकसित भारत।

**भूपेश बघेल का तीखा पलटवार: कहा- दूध में पड़ी मक्खी हो गए हैं अजय चंद्राकर**-पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अजय चंद्राकर पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी की तरह हो गए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की आस लगाए बैठे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें साइडलाइन कर दिया है। पहले अपने आसपास देख लें, फिर कांग्रेस पर टिप्पणी करें।

### आदिवासियों को 'सबसे बड़ा हिंदू' बताए जाने पर सीएम साय को घेरा

सीएम विष्णु देवसाय द्वारा आदिवासियों को 'सबसे बड़ा हिंदू' बताए जाने पर भूपेश बघेल ने उन्हें संविधान पढ़ने की नसीहत दी। पूर्व सीएम ने कहा आदिवासी को हिंदू बताने से उनका आरक्षण खत्म हो जाएगा। ये उनकी पहचान और अधिकारों पर सीधा हमला है। मुख्यमंत्री को ऐसे गैरजिम्मेदार बयान नहीं देने चाहिए।

### उपराष्ट्रपति के बयान पर भी उठाए सवाल

बता दें कि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की ओर से राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने गुरुवार को कहा था कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

## छत्तीसगढ़ के 10 करोड़पति कलेक्टर

# इस आईएएस के पास है सबसे ज्यादा 46 करोड़ की संपत्ति

**रायपुर, 21 अप्रैल।** देश में कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं और आम लोगों के बीच किसी सेलिब्रिटी की तरह जाने जाते हैं। क्या आपने कभी सोचा की कौन सबसे ज्यादा अमीर आईएएस होगा। छत्तीसगढ़ के आईएएस अफसरों के ऑनलाइन ब्यौरे से पता चला कि 2004 बैच के सीनियर अफसर अमित कटारिया और टोपेश्वर वर्मा को सबसे अमीर आईएएस अधिकारी है। वहीं राज्य के 10 कलेक्टर करोड़पति हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की संपत्ति 1.6 करोड़ रुपये की है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2004 बैच के द्वय अमित कटारिया की कुल संपत्ति 46 करोड़ रुपए की संपत्ति है। अमित कटारिया की अधिकतर संपत्ति गुड़गांव में है, जहां कीमतें ऊंची हैं। इसी तरह 2005 बैच के द्वय टोपेश्वर वर्मा के पास 12.4 करोड़ की सिंगल प्रॉपर्टी है। यह भी देखा गया कि 2004 और उसके बाद के बैच के कई अफसर करोड़पति हैं, और उनकी स्वघोषित संपत्ति में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

प्रदेश के 33 जिलों में तैनात कलेक्टरों में 10 करोड़पति हैं। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के पास सबसे ज्यादा 2.68 करोड़ की संपत्ति है। करोड़पति कलेक्टरों में राजेंद्र कटारा, जन्मेजय महोबे, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, गोपाल वर्मा, सर्वेश्वर भूरे, दीपक सोनी, लीना मंडावी और हरीश एस शामिल हैं।

**1989 से 2005 तक के अधिकारी**-अर्पित जैन (1989 बैच) के पास 1.6 करोड़ की संपत्ति, जबकि रेणु पिल्लै (1991 बैच) ने 4.15 करोड़ की संपत्ति जमा की, जो सूचीबद्ध अधिकारियों में सबसे अधिक। सुबोध सिंह (1992 बैच) के पास 1.47 करोड़ और अमित अग्रवाल (1993 बैच) के पास 0.63 करोड़ की संपत्ति। 1994 बैच से, मनीष रिचारिया, प्रियंका शुक्ला और विकास शील के पास क्रमशः 1.91 करोड़, 2.5 करोड़ और 2.0 करोड़ की संपत्ति।

# सिविल सेवा दिवस की मुख्यमंत्री साय ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश सेवा में समर्पित सभी सिविल सेवकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह दिन न केवल सिविल सेवकों के अमूल्य योगदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों के संदर्भ में आत्ममंथन और नवचिंतन का भी दिवस है।

यह अवसर हमें याद दिलाता है कि प्रशासनिक तंत्र राष्ट्र के विकास पथ का मूल आधार है, और सिविल सेवकों की दक्षता, निष्ठा और दूरदृष्टि ही नीतियों को ज़मीन तक पहुँचाने में सहायक होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवक वह कड़ी हैं जो सरकार की योजनाओं और जनता की अपेक्षाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम से ही देश और प्रदेश सुशासन के पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने सिविल सेवकों को निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का वहन करते हुए देश और प्रदेश की उन्नति में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी प्रतिबद्धता एवं कर्मठता ही भारत को एक समर्थ, समावेशी और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की नींव है।

# अवैध रूप से गैस सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुजगहन क्षेत्रांतर्गत कांदूल स्थित भारत गैस गोडाउन के सामने नाला तरफअवैध रूप से गैस सिलेण्डरों में गैस रिफिलिंग करने के साथ ही अवैध रूप से कर रहे थे गैस सिलेण्डरों की बिक्री। आरोपियों को गिरफ्तार करने में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की रहीं अहम भूमिंका। आरोपियों के कब्जे से 12 नग घरेलू/कमर्शियल गैस सिलेण्डर, 01 नग गैस सिलेण्डर पाईप, 55 नग नोजल कैप, 23 नग गैस रिफिलिंग पाईप, गैस कार्ड, नगदी रकम 15,300 रूपये किया गया है जप्त। घटना से संबंधित मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 के क्यु 4944 एवं एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 डी डी 7692 जुमला कीमती लगभग 1,50,000/- रूपये को भी किया गया है जप्त। आरोपियों के विरूद्ध थाना मुजगहन में अपराध क्रमांक 82/25 धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुजगहन क्षेत्रांतर्गत कांदुल स्थित भारत गैस गोडाउन के सामने नाला तरफ कुछ व्यक्ति अवैध रूप से घरेलु एवं कमर्शियल गैस सिलेण्डरों के गैस रिफिलिंग करके अधिक दामों में विक्रय कर रहे है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

# गजानंद एप एवं रूद्र एप से ऑन लाइन सट्टा संचालित करते सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में दिनांक 19.04.2025 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत एफसी.आई. गोदाम पास स्थित कृष्णा नगर में एक व्यक्ति आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान अपने मोबाईल फोन में ऑन लाईन सट्टा संचालित कर रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26